विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 137 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 17 फरवरी 2025 डाक 18 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**
नितिन गडकरी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई



**देश-विदेश**
6/11 मुंबई आतंकी हमले से पहले उत्तर से दक्षिण तक गया था तहव्वुर राणा



**फीचर पेज**
सेहत को हेल्दी बनाए रखने के लिए हंसना है जरूरी खुलकर हंसने के ये हैं फायदे



# भूकंप के दौरान जमीन में सुनाई दी तेज गड़गड़ाहट की आवाज, विशेषज्ञों ने बताई इसकी वजह




**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

सोमवार की सुबह राजधानी दिल्ली में आए भूकंप से दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाके कांप गए। इस भूकंप में किसी नुकसान की अभी तक खबर नहीं हैं, लेकिन कई लोगों का कहना है कि झटके इतनी तेज थे कि यह उनके जीवन के सबसे भयानक अनुभवों में से एक बन गया। भूकंप के दौरान जमीन के भीतर तेज गड़गड़ाहट की आवाज भी सुनी गई, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि अब विशेषज्ञों ने बताया है कि किस वजह से यह आवाज सुनाई दी। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप के दौरान, जमीन कंपन करती है, जिससे छोटी अवधि की भूकंपीय तरंग गति पैदा होती है जो हवा तक पहुंचती है और ये ध्वनि तरंग बन जाती है। ये ध्वनि तरंग वायुमंडल में कंपन पैदा कर सकती हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप का केंद्र जितना उथला या कम गहराई में होगा, उतनी ही ज्यादा ऊर्जा सतह तक पहुंच सकती है।

उच्च आवृत्ति वाली भूकंपीय तरंगे जमीन से होकर गुजरती हैं, इसकी वजह से ही भूकंप के दौरान गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देती है। दिल्ली में आए भूकंप का केंद्र जमीन के भीतर महज पांच किलोमीटर अंदर ही था, जिसके कारण लोगों को तेज आवाज सुनाईं दी। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में सोमवार सुबह 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि डरे सहमे लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। कई लोग गहरी नींद से जाग गए। भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था।

### पीएम मोदी ने लोगों से की ये अपील .....

*इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों से शांत रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि अधिकारी स्थिति की कड़ी निगरानी रख रहे हैं। लोग संभावित झटकों को लेकर सतर्क रहें। इससे पहले एक्स पर पोस्ट कर कई लोगों ने इमारतों को हिलते वीडियो शेयर कर कहा कि वह भूकंप के झटकों से घबरा गए। वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने कहा कि उसे लगा कि कोई ट्रेन भूमिगत चल रही है या कोई हादसा हो गया है।*

### आज सुबह 6 बजे से नहीं दौड़ी नमो भारत ट्रेन

एनसीआर में भूकंप आने से रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम पर भी असर पड़ा। मेरठ साउथ से सुबह 6 बजे दिल्ली के लिए चलने वाली पहली नमो भारत ट्रेन आज नहीं दौड़ी। रोज की तरह स्टेशन पर पहुंचे लोगों ने आरआरटीएस द्वारा बार-बार किए जा रहे अनाउंस को सुना तो वे हैरान रह गए। दरअसल, आरआरटीएस की ओर से अनाउंस किया जा रहा है था तकनीकी दिक्कत की वजह से ट्रेन के संचालन में




देरी हो रही है, जिस वजह से हमें खेद है। उधर, डीएमआरसी दिल्ली मेट्रो का भी यही हाल रहा। मेट्रो से ऑफिस जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेरठ साउथ से आज सुबह 7 बजे तक भी कोई ट्रेन नहीं चली, जिस वजह से स्टेशन पर भी काफी यात्रियों की संख्या नजर आई। हालांकि, इस दौरान कुछ लोग थोड़ी देर इंतजार करने के बाद स्टेशन से निकल गए लेकिन, कुछ लोगों ने इसी उम्मीद में इंतजार किया कि कुछ समय बाद ट्रेन का संचालन शुरू हो गया जाएगा।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद




**महाकुंभनगर, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। यात्रियों को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन बंद करने का फैसला लिया है।

रेलवे स्टेशन 17 फरवरी (आज) से 28 फरवरी तक बंद रहेगा। प्रयागराज में कुल नौ रेलवे स्टेशन हैं। जिनमें से संगम रेलवे स्टेशन मेला क्षेत्र के करीब स्थित है। महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। इससे पहले ही महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है। शहर के भीतर और बाहर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण से शहर और उसके आसपास के इलाकों में जाम देखा गया था। हालांकि, इस समय ट्रैफिक व्यवस्था ठीक चल रही है। कुछ-कुछ जगहों पर ही जाम की स्थिति है।

## गैस गोदाम में आग लगने से हड़कंप

**कानपुर, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

घनी आबादी वाले जूही इलाके में बारादेवी दक्षिण द्वार गेट के पास स्थित गैस गोदाम में रविवार शाम आग लग गई। गैस गोदाम में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फजलगंज और किदवईनगर फायर स्टेशन की गाड़ियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बारादेवी दक्षिण द्वार गेट के बगल में इंडेन गैस एजेंसी का गोदाम है।

## ममता बनर्जी बनेंगी इंडी ब्लॉक की अध्यक्ष, इस सांसद ने किया बड़ा दावा

**दुर्गापुर।** तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी इंडी ब्लॉक की अध्यक्ष बनेंगी। उन्होंने कहा कि जो भी ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ने पश्चिम बंगाल आएगा, उसे हार का सामना करना पड़ेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में दीदी इंडी ब्लॉक की अध्यक्ष बनेंगी। वह देश का नेतृत्व भी करेंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर भी कीर्ति आजाद ने प्रतिक्रिया दी। भागवत ने कहा था कि हिंदू भारतीय समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस पर टीएमसी सांसद ने कहा कि आरएसएस और बीजेपी के पास सिर्फ जुमले हैं और उनका काम लोगों को गुमराह करना है। कीर्ति आजाद ने कहा, आरएसएस के लोग शुरूआत से ही अंग्रेजों के साथी थे। उन्होंने देश के बंटवारे में भूमिका निभाई। दुनिया उनके बारे में जानती है। वे धर्म के नाम पर एकजुट होते हैं। मगर जब आप उनसे पूछें कि आरएसएस या बीजेपी ने क्या किया तो उनके पास सिर्फ जुमले हैं। लोगों को गुमराह करना उनका काम है।

## अशोक सिद्धार्थ को निष्कासित करने के बाद सख्त हुई बसपा सुप्रीमो, बताया कौन होगा उनका उत्तराधिकारी




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिह्नों पर चलते हुए मैं अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर पार्टी मूवमेंट को आगे बढ़ाने का संघर्ष जारी रखूंगी, ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इसे आगे बढ़ाने के लिए स्वार्थ, रिश्ते-नाते महत्वहीन हैं। मेरे लिए बहुजन-हित सर्वोपरि है। अपने समधी अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर करने के बाद उनके इस बयान के सियासी मायने तलाशे जा रहे हैं। मायावती ने जारी बयान में आगे कहा कि बसपा डॉ. आंबेडकर द्वारा शुरू किए गए बहुजन समाज के आत्मसम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता तक पहुंचाने तथा कांशीराम द्वारा सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी और उसका मूवमेंट है। कांशीराम की तरह ही मेरे जीते-जी भी पार्टी व मूवमेंट का कोई भी वास्तविक उत्तराधिकारी तभी है, जब वह भी कांशीराम की अंतिम सांस तक उनकी शिष्या की तरह पार्टी व मूवमेंट को हर दुख और तकलीफ उठाकर आगे बढ़ाने में जी-जान से लगा रहे।

उन्होंने पार्टी के छोटे-बड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जवाबदेह होकर तन, मन, धन से काम करते रहें। इसी जिम्मेदारी के साथ कैडर के बल पर जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन की मजबूती व सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने के साथ ही आगे भी हर चुनाव की तैयारी में पूरी दमदारी के साथ लगना है। अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने चुप्पी साध ली है। आकाश आनंद के कैंप में भी मायावती के इस फैसले के बाद सन्नाटा पसरा है। आमतौर पर मायावती के हर फैसले पर प्रतिक्रिया देने वाले आकाश ने इस मामले में कोई भी टिप्पणी नहीं की। जारी मायावती के बयान से साफ हो गया है कि बसपा में अंदरखाने सब ठीक नहीं है।

## रायपुर के हॉस्पिटल में बीजेपी नेत्री का निधन

**रायपुर/बलौदाबाजार।** नगर पालिका बलौदाबाजार की पूर्व अध्यक्ष अंजु जैन का लंबी बीमारी के बाद बीती रात रायपुर के निजी हास्पिटल में निधन हो गया। वे वर्तमान में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की धर्मपत्नी थीं। दो दिन पहले ही अशोक जैन के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नगर में जीत का जश्न मनाया गया था और भव्य विजय आभार रैली निकाली गई थी, जिसमें परिवार के लोग शामिल हुए थे। अंजू जैन के निधन की खबर आते ही नगर में शोक की लहर है। नगर पालिका चुनाव के पूर्व ही अचानक अंजु जैन की तबीयत बिगड़ी थी और उन्हें रायपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज जारी था।

## शिवसेना यूबीटी को अपनी स्थिति मजबूत करने में संघर्ष करना पड़ रहा : मातोश्री में अहम बैठक हुई




**महाराष्ट्र, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

कोंकण में अपने पारंपरिक गढ़ से दलबदल की लहर देखने के कुछ दिनों बाद, शिवसेना यूबीटी ने राजापुर के अपने नेताओं के साथ मुंबई में एक महत्वपूर्ण बैठक की। स्थानीय नेताओं के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रति निष्ठा बदलने के कारण खतरे का सामना कर रही पार्टी अब इस क्षेत्र में खोई जमीन हासिल करने की रणनीति तैयार कर रही है। इस बीच, दलबदल की प्रवृत्ति मराठवाड़ा में भी फैल गई है, जिससे पार्टी की संगठनात्मक ताकत और कमजोर हो गई है।

सेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मातोश्री में प्रमुख नेताओं की एक बैठक बुलाई, जहां पूर्व सांसद विनायक राउत को राजापुर के लिए नए नेताओं की पहचान करने का काम सौंपा गया। यह कदम पूर्व विधायक राजन साल्वी के कई अन्य स्थानीय नेताओं के साथ शिंदे गुट में शामिल होने के मद्देनजर उठाया गया है। साल्वी ने राउत पर उनका समर्थन करने में विफल रहने का आरोप लगाया था, जिसके कारण उनका दावा था कि उनकी चुनावी हार हुई। बैठक के दौरान, राउत ने नेतृत्व को आश्वस्त किया कि पार्टी के पास अभी भी राजापुर और कोंकण क्षेत्र में मजबूत समर्थन है। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे और उद्धव ठाकरे के स्थायी प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि कोंकण के लोग उनके प्रति वफादार बने हुए हैं। राउत ने पार्टी के प्रचार प्रयासों के तहत संगमेश्वर से शुरू होकर रत्नागिरी के चिपलून और लांजा सहित अन्य क्षेत्रों में सार्वजनिक रैलियों की एक श्रृंखला की योजना की भी घोषणा की।

## चीन हमारा दुश्मन नहीं, फिर विवादों में घिरे कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा, बीजेपी ने किया प्रहार



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

कांग्रेस की विदेशी इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक दावा करके एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा, चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि, भारत को चीन को दुश्मन मानना बंद करना चाहिए। सैम पित्रोदा के इस बयान पर सत्तारूढ़ भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने कांग्रेस को चीन के प्रति जुनूनी आकर्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## हल्के में मत लेना... मैं अपनी सेना यूक्रेन भेजने को तैयार हूं, ब्रिटिश पीएम ने खोला रूस के खिलाफ मोर्चा



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन अपनी सेना यूक्रेन भेजने को तैयार है। स्टार्मर ने कहा कि अगर यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता हुई तो ब्रिटेन अपनी सेना को यूक्रेन भेजने को तैयार है। स्टार्मर का यह कदम अमेरिका के कदम पीछे खींचने के बाद आया है। कीर स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को बढ़चढ़ समर्थन कर रहा है। जरूरत पड़ने पर यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने की खातिर भी तैयार रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अपने सैनिकों को जमीन पर उतारना भी अहम है। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा हूं। ब्रिटिश सैनिकों और महिलाओं को संभावित रूप से खतरे में डालने की जिम्मेदारी बहुत गहराई से महसूस की जाती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी देना हमारे महाद्वीप और देश की सुरक्षा में मदद करेगा।

अमेरिका यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को खत्म करने की कोशिश में जुटा है। मगर उसके इस कदम से यूरोप में चिंता की लहर पैदा हो गई है। अब कीर स्टार्मर ने कहा है कि वह सोमवार को इस मुद्दे पर पेरिस में आयोजित एक शीर्ष बैठक में शामिल होंगे। 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से पहले जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, इटली, पोलैंड, स्पेन, नीदरलैंड और डेनमार्क के राष्ट्रोध्यक्ष एक मीटिंग में हिस्सा ले सकते हैं।

## पोलिंग टीम को ग्रामीणों ने खदेड़ा, पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने पर जमकर हंगामा



**बालोद, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है। वहीं मतदान से एक दिन पहले बालोद जिले के ग्राम पंचायत धोतीमटोला में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार कर पुलिस और प्रशासन को घेरा। गांव में देर रात तक काफी हंगामा होने के बाद मतदान कर्मियों को आश्रित ग्राम दारूटोला में शिफ्ट किया गया। जानकारी के मुताबिक, आश्रित ग्राम दारूटोला में पंचायत का कार्यालय लगने से ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीण धोतीमटोला को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग कर रहे। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया था। वहीं अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। देर रात तक ग्रामीण और पुलिस व प्रशासन के बीच ग्रामीणों की जमकर बहस हुई। ग्रामीणों का विरोध देख प्रशासन गांव से वापस लौट गए। वहीं मतदान कर्मियों को दारूटोला में शिफ्ट कर मतदान कराया जा रहा है।

## इंजीनियर ने रिश्वतखोरी कर बनाई 5 करोड़ की संपत्ति, एसीबी की रेड से हड़कंप



**राजस्थान।** एंटी करप्शन ब्यूरो के छापे में लोक निर्माण विभाग इंजीनियर दीपक कुमार मित्तल अरबपति निकला। जांच एजेंसी ने अब तक मित्तल की कमाई से 205 प्रतिशत ज्यादा संपत्ति का पता लगाया है। जोधपुर, जयपुर, उदयपुर और हरियाणा के फ़रीदाबाद स्थित मित्तल के छह ठिकानों से 17 प्लॉट के अलावा 50 लाख रुपया नकद मिले हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो को इनपुट मिला था कि XEN दीपक कुमार मित्तल बेफिक्र होकर रिश्वत लेता है। इस बात की पुष्टि करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने दीपक कुमार मित्तल के ख़िलाफ़ ऑपरेशन बेफिक्र लॉन्च किया। जैसे ही एंटी करप्शन ब्यूरो को ये ख़बर मिली कि आज दीपक कुमार के पास घूस के 50 लाख रुपये नगद पहुंचे हैं और वह दो दिन के अंदर जमीनों में निवेश करने वाला है, एसीबी ने इंजीनियर के ठिकानों पर छापा मार दिया।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# निकाय चुनाव में मिली जीत ने बता दिया कि सरकार के अच्छे कार्यों से संतुष्ट हैं नागरिक : देवांगन

**कोरबा ।** कोरबा नगर पालिक निगम और कोरबा जिले के अन्य 4 नगरीय निकायों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद प्रेस क्लब तिलक भवन में मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि ये जीत कोरबा शहर के एक-एक नागरिक की है। कांग्रेस बीते 10 साल से लोगों को सिर्फ छलावा करती रही, बीते निगम चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया था, लेकिन खरीद परोख्त कर निगम में कांग्रेस ने अपनी सरकार बना ली थी। कांग्रेस के कार्यकाल में मूलभूत समस्याओं के लिए जनता ने समस्या झेली। भाजपा की विष्णु सरकार आने के बाद कोरबा नगर निगम क्षेत्र में रुके कार्यों में तेज़ी आई। एक साल में 400 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति मिली, सभी कार्यों की आधारशिला रखी गई। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में हर वर्ग में खुशहाली आई है। एक साल के विकास पर जनता ने अटल विश्वास की मुहर लगाई है।

मंत्री देवांगन ने कहा कि यह चुनाव माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी और संगठन के शीर्ष नेतृत्व में यह प्रचंड जीत मिली है। मंत्री देवांगन ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद हमारी ताकत दोगुनी हुई है। शासन से अधिक फंड अब कोरबा निगम को मिलेगा, जिससे विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी।

मंत्री देवांगन ने कोरबा जिले में नए उद्योग लगाने को लेकर सवाल पर कहा की माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में बनी नई औद्योगिक नीति की चर्चा और सराहना आज देश भर में है। हमारा प्रयास है कि कोरबा के साथ-साथ पूरे प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना हो। कोरबा में एल्युमिनियम पार्क की जल स्थापना के लिए तेजी से कार्य किया जा रहे हैं। जमीन आबंटन के लिए पत्र लिखा गया है। इस अवसर पर राजेंद्र राजपूत नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पालिका दीपका,सोनी झानवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पालिकाबांकीमोंगरा, पदमिनी देवांगनन वनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत छुरीकला, अजय जायसवालनवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत पाली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन समेत अन्य उपस्थित रहे।




**हर जन अपेक्षाएं होंगी पूरी: महापौर संजू देवी राजपूत**

नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम से जितनी भी जन अपेक्षाएं हैं, उन सभी को पूरा करने के लिए ग्रीन संकल्पित होकर कार्य किया जाएगा। नगर निगम को जन सेवा का मंदिर मानकर काम किया जाएगा। प्रयास होगा कि शहर के सभी 67 वार्डो का विकास कार्य एक साथ हो। भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने मीडिया के माध्यम से कोरबा समेत सभी पांच निकायों में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# चूहा मारने टमाटर में जहर इंजेक्ट किया, चटनी बना पत्नी खाई, मौत

**कोरबा।** दूसरे मौसम की अपेक्षा ठंड के मौसम में टमाटर की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं और यह लोगों की पहुंच में है। फिर भी लोग टमाटर की रक्षा चूहों से करने को लेकर गंभीर हैं। हद तो तब हो गई जब कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक व्यक्ति ने टमाटर में रेट किलर नाम की जहरीली दवाई इंजेक्ट कर दी। पत्नी ने इन्हीं टमाटर की चटनी बनाकर खाई और वह मौत के आगोश में समा गई। कहा जाता है कि मौत को लेकर किसी प्रकार के कारण नहीं होते और वह कहीं भी, कभी भी दबे पांव चली जाती हैं। वह भी इतनी जल्द की किसी को संभलने का मौका नहीं मिलता और जिंदगी का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिंजरा गांव में कार्तिक राम की 25 वर्षीय पत्नी बसंती की मौत कुछ इसी अंदाज में हुई। उसकी मौत का कारण बनी टमाटर की चटनी। अपने घर पर रखें टमाटर को चूहों से बचाने के लिए पति कार्तिक राम के द्वारा क्या इंतजाम किया गया है इस बारे में पत्नी अनजान थी। उसे बिल्कुल नहीं मालूम था कि जिस टमाटर की चटनी बनाकर वह खा रही है उसके भीतर रेट किलर इंजेक्ट किया गया है। चटनी खाने के कुछ देर के बाद ही बसंती की हालत खराब हो गई। पति ने बताया कि तबीयत बिगड़ने पर उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई खास नतीजा नहीं आने पर उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल कोरबा के लिए रेफर किया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस के पास इसी तरह की जानकारी सामने आई है कि महिला की मौत चूहा मारने वाली दवा का उपयोग टमाटर मैं किए जाने से हुई है। 8 वर्ष पहले विवाहित बसंती की मृत्यु होने से उसके दो बच्चों के सर से मां का साया उठ गया है। अब उनके संरक्षण की जिम्मेदारी पति और अन्य परिजनों पर आ गई हैं। बिंझरा गांव में हुई इस घटना ने लोगों को दुखी किया है और सबक भी दिया है। आगे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जरूर इस बात की है कि अगर कोई अपने घर में खाने-पीने की चीजों की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम भरा कदम उठाने जा रहे हैं तो इस बारे में घर के लोगों को पूरी जानकारी हो ताकि अनहोनी से बचा जा सके।

## संतोष व अशोक ने एटक छोड़ इंटक में किया प्रवेश

**गेवरा-दीपका ।** एटक से एसईसीएल दीपका एरिया में क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य संतोष राठौर व अशोक कंवर ने एटक छोड़कर इंटक में प्रवेश कर लिया है। दीपका एरिया में इंटक के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें कोयला कर्मियों के हितों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में ही संतोष राठौर व अशोक कंवर ने इंटक की सदस्यता ले ली है।

## खेलो इंडिया अस्मिता के स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 25 से, कोरबा जिला बैडमिंटन संघ ने शुरु की खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया

**कोरबा।** माह के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के बैनर तले रायपुर में एक स्टेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। नाम से स्पष्ट है कि खेलो इंडिया अस्मिता स्कीम के तहत होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं अथवा महिला खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन पर फोकस है। स्पर्धा में अंडर- 17 व अंडर-19 एवं महिला वर्ग के बैडमिंटन प्लेयर हिस्सा ले सकेंगी। उम्दा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी पुरस्कृत होंगी, जो उनके खाते में स्थानांतरित की जाएगी। गौर करने वाली बात यह है कि अगर खिलाड़ी की उम्र 18 वर्ष से कम है, यानि वह नाबालिग है, तो भी उसके नाम का बैंक खाता होना अनिवार्य है। उसके माता-पिता या गार्जियन का बैंक खाता नहीं चलेगा और इसके लिए वक्त रहते उनका माइनर अकाउंट खुलवाना लाजमी होगा। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन (सीजीबीए) के तत्वावधान में खेलो इंडिया की अस्मिता योजना के तहत महिला खिलाड़ियों (अंडर-17, 19 बालिका एवं महिला वर्ग) के लिए राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह स्पर्धा इसी माह 25 से 28 फरवरी के बीच रायपुर में आयोजित होगी। सीजीबीए की ओर से इस संबंध में विस्तृत जानकारी कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) समेत प्रदेशभर के एसोसिएशन को जारी कर दी गई है। केडीबीए को भेजे गए दिशा-निर्देश में कहा गया है कि वे कोरबा जिले के खिलाड़ियों को सूचित कर प्रक्रिया पूरी करने जरुरी बातों से अवगत कराएं। साथ ही कहा गया है कि टूर्नामेंट का विवरण और प्रवेश पंजीकरण की प्रक्रिया भी जल्द ही जारी की जाएगी। इस बीच एसोसिएशन से कहा गया है कि वे जिन खिलाड़ियों की एंट्री खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिये भेजेंगे, उन सभी खिलाड़ियों के लिए स्वयं का बैंक खाता होना अनिवार्य है।

# जनपद अध्यक्ष रहते शिक्षा पर किया काम

**कोरबा।** अविभाजित बिलासपुर व कोरबा ज़िले के सबसे बड़े तहसील कटघोरा के ग्राम भिलाई बाजार के कृषक परिवार में जन्मे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व.कृष्णालाल जायसवाल जिन्होंने सागर यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर कोरबा व कटघोरा को अपना कर्म क्षेत्र बनाकर सेवा के लिए शिक्षा का अलग जगाते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया वे एक सेवाभावी राजनेता के साथ साथ जमीनी कार्यकर्ता के अलावा सहज व सरल व सर्वहारा वर्गों को साथ लेकर चलने वाले स्वाभिमानी जनसेवक की भूमिका में अपना जीवन समर्पित कर रखे थे। कृष्णा गुरुजी के नाम से पूरे क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कृष्णालाल जायसवाल सदैव जनहित के लिए काम किया और उनका स्नेह के अलावा आत्मीय सानिध्य सभी छोटों-बड़ों के अलावा सभी दल के लोगो को मिला। कृष्णा गुरुजी कोरबा के प्रथम जनपद अध्यक्ष रहते हुए गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया और उच्च शिक्षा के लिए पहले विद्यालय की स्थापना की साथ ही विद्यालय में अवैतनिक अध्यापक की भूमिका का निर्वहन किया। उनके शिक्षा के प्रति अभूतपूर्व समर्पण को देखते क्षेत्र के लोगों ने उन्हें कृष्णालाल से कृष्णा गुरुजी बना दिया। कोरबा के सबसे बड़े मध्यम वर्गीय परिवार खासकर श्रमिक बस्तियों के होनहार विद्यार्थियों के लिए स्थापित आदिम जाति कल्याण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा को उनके शिक्षा के प्रति समर्पण को देखकर राज्य शासन ने स्व. कृष्णालाल जायसवाल स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नामकरण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजली दी। कृष्णा गुरुजी शिक्षा व राजनीति के क्षेत्र में आगे आकर सेवा करने वालों को सदैव प्रेरित करने वाले कृष्णा गुरुजी आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है सभी की मदद करना व जरूरतमंदों की सेवा करना मदद करना कृष्णा गुरूजी का ध्येय रहा। अपने लंबे राजनीतिक यात्रा के दौर में राष्ट्रीय व प्रदेश के नेताओं का प्रिय बने रहे कृष्णालाल जायसवाल गुरुजी को सभी दलों के लोगों का समर्थन मिलता रहा है। यही कारण है कि आज भी कृष्णा गुरुजी को लोग सच्चे मन व अपार श्रद्धा से याद करते हैं। 16 फरवरी 2025 को उनकी 15वीं पुण्यतिथि पर क्षेत्र के जरूरतमंदों को भोजन और आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराकर उनके परिजन सेवा कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। भिलाई बाजार, सुमेधा व गांधी चौक-पुरानी बस्ती कोरबा में निवासरत रहे कृष्णा गुरुजी को कोरबा ही नहीं कटघोरा क्षेत्र के लोग बड़ी श्रद्धा से याद करते हैं। कृष्णा गुरुजी का सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढकर हिस्सेदारी रही है। समाज को एकजुट करना और सबको मिल-जुलकर एक रहना उनकी प्रेरणाओं मे शामिल रहा है।

# विवाद होने पर पाटी टंकी में चढ़ने का ट्रेंड हावी, युवती को उतारा

**कोरबा।** घर में परिजनों से विवाद के बाद एक युवती पानी की टंकी पर चढ़ गई। लगभग 3 घंटे के हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद युवती को सकुशल नीचे उतार लिया गया।

उक्त घटना नगर पंचायत पाली के नया बस स्टैंड टावर मोहल्ले की है जहां प्रात: 11:30 बजे एक युवती को पानी टंकी पर चढ़ते देखा गया। इसकी खबर कुछ देर में ही फैल गई और बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। बताया गया कि उक्त युवती उसी मोहल्ले की रहने वाली है जो परिजनों से विवाद के बाद आत्महत्या की नीयत से पानी टंकी के सबसे टॉप पर चढ़ गई थी।



किसी ने इसकी सूचना पाली पुलिस को दी। किसी को कुछ सूझ नहीं रहा था कि कैसे उक्त युवती को सकुशल नीचे उतारा जाए, क्योंकि उसके पास जाने से उसके द्वारा किसी भी तरह का अनहोनी करने की संभावना थी। थाना प्रभारी विनोद सिंह ठाकुर सदल बल मौके पर पहुंचे और उन्होंने एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड से मदद मांगी, साथ ही उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इस बीच युवती को नीचे उतारने के लिए प्रयास किया जाता रहा और उसका ध्यान भटकाया जाता रहा।हमारे समाचार सहयोगी ने बताया कि लगभग 1 घंटे बाद कुछ सेवाभावी साहसी युवकों ने धीरे-धीरे पानी टंकी के टॉप फ्लोर पर पहुंच बनाई और एक ने ऊपर चढ़कर पीछे से युवती को पकड़ लिया तब बाकी अन्य युवको ने भी युवती को सम्भाल लिया। लगभग एक डेढ़ घंटे तक टंकी के ऊपर में ही युवती को समझाया गया तब कहीं जाकर वह नीचे आने के लिए तैयार हुई, लेकिन फिर भी रिस्क था और बड़ी मुश्किल से उसका रेस्क्यू करते हुए सकुशल नीचे उतारा गया तब कहीं जाकर परिजन और प्रत्यक्षदर्शियों ने राहत की सांस ली। युवती को फौरी चिकित्सा दी गई। मौके पर तैनात 108 के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति सामान्य है। साहसी युवकों को लोगों की सराहना मिल रही है।

# नूतन ने कहा,क्षेत्र के लोग अच्छी भूमिका में रहेंगे

**कोरबा ।** कोरबा नगर वार्ड नंबर 6, पुरानी बस्ती के पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने अपनी जीत वार्ड की जनता के नाम करते हुए स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वार्ड में यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है, जो आप सभी के सहयोग, आशीर्वाद और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत मेरे सभी साथियों को को समर्पित करता हूं। पार्षद श्री ठाकुर ने कहा कि यहां एक पार्षद नहीं, मुझे वोट देने वाले 1391 लोग पार्षद होंगे और सब मिलकर पुरानी बस्ती को कोरबा का नंबर एक वार्ड बनाएंगे।

पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने अपना नूतन संकल्प दोहराते हुए कहा कि हम सभी मिलकर पुरानी बस्ती को कोरबा का नंबर एक वार्ड बनाएंगे। उसके लिए आप सभी ने जो सहयोग चुनाव में किया, आप से वही सहयोग वार्ड के विकास में भी चाहिए। आप सभी के आशाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। आप सभी को हृदय से धन्यवाद, बहुत-बहुत आभार। कोरबा नगर निगम अंतर्गत नगरीय निकाय चुनाव 2025 में वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती से भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता नूतन सिंह ठाकुर 743 वोट से विजयी हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे कांग्रेस उम्मीदवार को शिकस्त दी, जिन्हें 648 वोट मिले। श्री ठाकुर जिला अधिवक्ता संघ के दो बार के सचिव भी हैं।

## कोरबा मजदूर सभा की बैठक 20 को होगी

**कोरबा।** कोरबा मजदूर सभा (एचएमएस) गेवरा एरिया की क्षेत्रीय संगठन कार्यालय में 20 फरवरी को शाम 7 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है।





# दीनदयाल कुंज में महापौर और पार्षदों का मिलन समारोह

# जनाकांक्षा पर खरा उतरने का दोहराया संकल्प

**कोरबा।** नगर निगम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद महापौर संजू देवी राजपूत और 45 नवनिर्वाचित पार्षदों का भव्य स्वागत एवं मिलन समारोह भाजपा कार्यालय, कोरबा में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए।

महापौर और पार्षदों का भव्य सम्मान, जय श्री राम के नारों से गूंजा भाजपा कार्यालय

समारोह में महापौर संजू देवी राजपूत और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का फूल-मालाओं और पारंपरिक गमछा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। पूरा भाजपा कार्यालय जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। मंत्री लखनलाल देवांगन बोले - भाजपा कोरबा को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी

मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि कोरबा की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है, वह जनता की आशाओं की जीत है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार कोरबा को स्वच्छ, सुंदर और विकासशील शहर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। कांग्रेस शासन में जो कार्य ठप हो गए थे, उन्हें अब तेजी से पूरा किया जाएगा। भाजपा की नगर सरकार जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरेगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने जताया आभार, जनता को दिया विकास का भरोसा

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने जनता और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि कोरबा की जनता ने नगर निगम चुनाव में भाजपा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। हम महापौर और सभी पार्षदों के साथ मिलकर नगर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। भाजपा नगर निगम को एक आदर्श प्रशासन का केंद्र बनाएगी। महापौर संजू देवी राजपूत ने 45 वार्डों में समान विकास का संकल्प दोहराया

महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम जनता की सेवा का मंदिर है और हम इसे पूरी ईमानदारी से संचालित करेंगे। हमारा लक्ष्य सभी 67 वार्डों का समान रूप से विकास करना है, ताकि कोरबा को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा सके।

पार्षदों का संकल्प - ईमानदारी और पारदर्शिता से करेंगे जनसेवा समारोह में उपस्थित सभी 45 नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और जनता की सेवा के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित अध्यक्षों की विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र देवांगन सहित नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत (नगर पालिका दीपका), सोनी झा (नगर पालिका बांकीमोंगरा), पद्मिनी देवांगन (नगर पंचायत छुरीकला), अजय जायसवाल (नगर पंचायत पाली) उपस्थित रहे। भाजपा की जीत के बाद कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश, विकास की दिशा में बढ़ा एक और कदम यह भव्य स्वागत समारोह भाजपा कार्यकर्ताओं के जोश और ऊर्जा का प्रतीक बन गया। इस मौके पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कोरबा की जनता को आश्वस्त किया कि भाजपा नेतृत्व नगर निगम को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। कोरबा की जनता के लिए भाजपा का नया संकल्प - विकास, सुशासन और स्वच्छ प्रशासन

भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत और भव्य स्वागत समारोह ने यह संदेश दिया कि कोरबा में विकास की नई कहानी लिखने की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ चुका है।

# चुनाव प्रचार से लौट रहे टैक्टर ने बच्चे को चपेट में लिया

## अस्पताल पहुंचने के बाद हुई मौत

**कोरबा।** कोरबा जिले में ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से एक 8 साल के बच्चे की मृत्यु हो गई। उक्त घटना करतला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढोंग दरहा की बताई जा रही हैं। मृतक आर्यन ट्रैक्टर में बैठा था, अचानक नीचे गिरने पर वह पहिए के नीचे आ गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम के लोग ट्रैक्टर में सवार होकर सरपंच प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करने निकले थे। जिस ट्रैक्टर में हादसा हुआ, उक्त चलती गाड़ी में चढ़ने के दौरान वह नीचे गिर गया और पहिए के नीचे आ गया। घटना के बाद मृतक को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से प्राप्त मेमो के आधार पर परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। बताया जा रहा हैं की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायत ढोंगदरहा में ग्रामवासी ट्रैक्टर में सवार होकर प्रचार करने निकले थे। लौटते समय एक ट्रैक्टर में आर्यन बैठा हुआ था और अचानक पहिए के नीचे आ गया। बता दें कि घटना के समय की सटीक परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हैं।

## क्रुरूडीह के पास भारी वाहन ने एक्टिवा को ठोका, दो मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में बाइक स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वही एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया है। जानकारी के मुताबिकीय पूरी घटना उरगा थाना अंतर्गत कुरुडीह मोड़ के पास घटी है। मृतकों की पहचान प्रेमलाल कैंवट (32वर्ष) दूसरा बच्चु कैंवट (45वर्ष) के रूप से हुई है जो कि मोती सागरपारा के निवासी थे। मृतक प्रेम लाल केंवट के बड़े भाई के बच्चे छठी कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए एक्टिवा में सवार होकर तीन लोग जा रहे थे। इसी बीच कुरुडीह मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में प्रेमलाल और बच्चु की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# डीएसपीएम कर्मियों के परिजनों के लिए आनंद मेला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (सीपीजीसीएल) के श्रम कल्याण कोरबा पूर्व में आयोजित आनंद मेला एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। डीएसपीएम ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अलका कंसल प्रथम महिला, कोरबा पूर्व और संजीव कंसल मुख्य अभियंता, उत्पादन की उपस्थिति रही। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की।इसके अलावा, विशिष्ट अतिथियों राजा बाबू कोसरे, राजेश्वरी यादव, एल.एल. सूरजवंशी, सुनील सरला, विजय सेन चौधरी और श्रीमती माला जोशी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों और महिलाओं की शानदार प्रस्तुतियाँ दी गई। खेल और कला प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों और उनके परिवारों की उत्साही भागीदारी रही। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। श्रम कल्याण समिति के सचिव गोवर्धन सिदार ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य कार्यस्थल के बाहर भी एक पारिवारिक माहौल बनाना और सभी को आनंद के अवसर प्रदान करना था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने आनंद मेला के मनोरंजन और सौहार्दपूर्ण वातावरण का भरपूर आनंद लिया।

## शिक्षक वेलफेयर संघ के पटेल बने महामंत्री

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ.गिरीश केशकर ने प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यह विस्तार प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर एवं उनके सुझावों पर विचार करते हुए किया गया। जिसमें बिलासपुर जिला से डॉ.आरपी कश्यप को उप प्रांताध्यक्ष, कोरबा से रूपनारायण पटेल को प्रांतीय सचिव एवं रायगढ़ जिला से मनोज पटेल को प्रांतीय महामंत्री बनाया गया है।

## कोल इंडिया की एपेक्स जेसीसी की बैठक 25 को

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड की एपेक्स जेसीसी की बैठक 25 फरवरी को कोलकाता स्थित मुख्यालय में होगी। बैठक में कोल इंडिया के चेयरमैन, अनुषंगीक कंपनियों के सीएमडी सहित श्रमिक संगठनों से रमेंद्र कुमार (एटक), नाथूलाल पांडेय (एचएमएस), केएल रेड्डी (बीएमएस), डीडी रामनन्दन (सीटू) और सीएमओएआई से सर्वेश सिंह सम्मिलित होंगे।

# सिवनी में हुई 15 लाख की चोरी, पुलिस ने एफआईआर में आधी से भी कम राशि लिखी

**जांजगीर-चांपा ।** नैला चौकी अंतर्गत ग्राम सिवनी में बीत 12 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान से तकरीबन 10 तोले का सोने के गहने व 6 लाख रुपए नकदी समेत तकरीबन 15 लाख रुपए का माल पार कर दिया। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है लेकिन अब तक चोरों का सुराग नहीं लगा है। बड़ी बात यह है कि मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़ित व्यक्ति को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिवनी निवासी नंद किशोर राठौर पिता रामनारायण राठौर का 12 फरवरी को जांजगीर स्थित नए मकान का लोकार्पण का कार्यक्रम था। जिसमें घर के समस्त लोगों द्वारा धूमधाम से पूजापाठ कराई गई। पूजापाठ के दौरान पूरा परिवार सिवनी के मकान को सूना छोड़कर जांजगीर आ गए थे। इसी का फायदा चोरों ने उठाया। जांजगीर से जब वे वापस आए तो देखा तो उनकी आंखें फटी की फटी रह गई। अज्ञात चोरों ने उसके घर का दरवाजा तोड़कर आलमारी में रखे 10 तोले के गहने, जिसकी कीमत 8 लाख रुपए एवं 6 लाख रुपए, एवं लगभग 100 किलो चांदी के आभूषण की चोरी हो गई। इसमें नकदी समेत तकरीबन 15 लाख रुपए को पार कर दिया गया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट नैला चौकी में दर्ज कराई है। इधर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की



तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की तो बताया कि उसे पता ही नहीं था कि उसके माता पिता के पास इतने सारे जेवर गहने हैं। नंदकिशोर ने बताया कि उनके पाता पिता के सोने चांदी के गहने पुराने थे। यहां यह बताना आवश्यक है कि 12 फरवरी की दरमियानी रात नंदकिशोर राठौर के मकान चोरी की वारदात हुई है। जहां पुलिस को सूचना देने पर डॉग स्क्वायड टीम एवं फिंगर एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची थी उसके 3 दिन बाद 15 फरवरी को पुलिस ने अपराध दर्ज की है। इस चोरी के वारदात की रिपोर्ट लिखाने में प्रार्थी को पसीना आ गया है। जिनके साथ पुलिस ने आरोपी जैसा व्यवहार किया है। जहां चोरी हुए सामानों का उल्लेख तक सही तरीके से नहीं किया। चोरी हुए सामानों की कीमत 15 लाख रुपए से भी अधिक है किंतु पुलिस इसे छोटी छोरी बता कर अपना जवाब देही पूरा करना चहती है। इसी कारण पुलिस ने प्रार्थी के हिसाब से रिपोर्ट दर्ज नहीं कर ईस में कम राशि का चोरी होने का अपराध दर्ज किया है।



## आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब भंडारण पर कार्रवाई की गई। सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार ने बताया कि ग्राम खिसोरा वार्ड नंबर 09, थाना - अकलतरा निवासी आरोपी राम नारायण हरवंश पिता लच्छी राम,उम्र -40 वर्ष,साकिन - खिसोरा वार्ड नंबर 09, थाना - अकलतरा,जिला - जाँजगीर-चाँपा के रिहायशी मकान की तलाशी लेने पर दो प्लास्टिक बोरियों में भरी 99 नग देशी मदिरा प्लेन की पाव प्रत्येक में मात्रा 180 मिली ,कुल मात्रा=17.820 लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद होने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क34(2)एवं 59(क) के तहत कार्यवाही कर जेल दाखिल किया गया।उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री शिल्पा दुबे, मुख्य आरक्षक अनवर मेमन व नगर सैनिक कन्हैया प्रधान, संतोष मधुकर, प्रेम रत्नाकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खंडहर मकानों में रहने को मजबूर है सिंचाई विभाग के कर्मचारी

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में सरकारी कॉलोनियों की व्यवस्थाओं पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। आज भी कर्मचारियों को पुराने एवं जर्जर भवन में रहने की मजबूरी बनी हुई है। इस तरह की समस्या जल संसाधन पुलिस एवं कृषि विभाग के सरकारी कॉलोनी में देखी जा सकती है।

शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचने में कृषि पुलिस एवं जल संसाधन सहित अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों का बड़ा योगदान होता है। वही कर्मचारी इसके लिए कार्य योजना का पालन भी करते हैं। इन्हीं सरकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाने वाले कर्मचारी खुद व्यवस्थाओं से घिरकर रह गए हैं। स्थिति यह है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के जल संसाधन विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के सरकारी कॉलोनी की स्थिति जर्जर एवं काफी पुरानी घरों में रहने की मजबूरी कर्मचारियों की बनी हुई है। स्थिति यह है कि कॉलोनी के आसपास बाउंड्री वालों की व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में जहरीले जीव जंतुओं के आने का डर भी बना रहता है। भवन काफी पुराना होने के कारण बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता है। स्थिति यह है कि कई सरकारी मकान काफी जर्जर हो चुका है जिसके चलते कर्मचारी यहां रहना भी छोड़ दिए हैं। एक तरफ देखा जाए तो शासन के द्वारा बड़े-बड़े शहरों में रहने वाले सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर तरीके का मकान उपलब्ध कराया जाता है। वहीं दूसरी ओर छोटे शहरों में इन सरकारी कर्मचारी को सरकारी मकान पाने के लिए ही संघर्ष करना पड़ता है। इसी प्रकार पुलिस विभाग में कार्यरत आरक्षक एवं अन्य स्टाफ आज भी जांजगीर के पुराने थाना के पीछे वाले सरकारी जर्जर मकानों में रहने विवश है।



## खनिज माफिया सक्रिय, रात में जेसीबी से निकाल रहे रेत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के रेत घाटों में खनिज माफियाओं द्वारा रेत का अवैध परिवहन व उत्खनन बेखौफ रूप से चल रहा है। हसदेव नदी में रात को जेसीबी मशीन से रेत निकाली जा रही है और नदी तट पर डंप कर इसे दिन में खपाया जा रहा है।

गौरतलब है कि हसदेव नदी के तट पर दिन भर अवैध रेत उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि दिन तो दिन रात में भी खनिज माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत का परिवहन कर रहे है। शासन द्वारा रेत के अवैध भंडारण एवं परिहन पर पाबंदी लगाई गई है। इसके बाद भी इस तरह का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है। इन दिनों अधिकारी और पुलिस अमला चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है। इसका फायदा उठाकर खनिज माफिया धड़ल्ले से. रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे है। इसके बाद भी जिले में रेत का अवैध उत्खनन दिन दहाड़े हो रहा है। इससे सरकार को कोई सरोकार नहीं है। जांजगीर-चांपा जिले में अब भी दर्जनों अवैध रेत घाट आबाद है। दिलचस्प बात यह है कि रेत माफिया रात को चेन माउंटेन मशीन से नदी व उसके तट से रेत निकाल रहे हैं और रेत डंप कर उसे दिन में खपा रहे हैं।

## ओवरब्रिज के किनारे रेलिंग में जा घुसा ट्रेलर

**अकलतरा।** नगर में बीती रात नो एंट्री समाप्त होने के बाद बलौदा से केएसके महानदी पॉवर प्लांट नरियरा कोयला लेकर जा रहे ट्रेलर के चालक ने अग्रसेन नगर के पास ओवरब्रिज में चढ़ने के दौरान वाहन में नियंत्रण खो दिया। ट्रेलर वाहन ओवरब्रिज के किनारे रेलिंग में जा घुसा। रात्रि 2 बजे दुर्घटना घटित होने से बड़ी दुर्घटना टलने के साथ वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्घटना के बाद वाहन चालक घटनास्थल से फरार हो गया। नगर के अग्रसेन नगर ओवरब्रिज के पास निवासरत राकेश अग्रवाल ने बताया कि बीती ट्रेलर वाहन द्वारा तेज गति से वाहन चलाते हुए ओवरब्रिज के किनारे को टक्कर मारते हुए ट्रेलर रेलिंग में जा घुसा। तेज गति से आवाज आने पर मोहल्ले में निवासरात लोग घर से बाहर निकले देर रात दुर्घटना घटित होने से बड़ी दुर्घटना टल गई। नगर में रात्रि 11 बजे नो एंट्री समाप्त होने के बाद कोयला और गिट्टी से लदे भारी वाहन नगर के मध्य से आवाजाही करते हैं। वाहन तेज गति से चलने और वाहनों में हेल्पर नहीं होने से नगर में कई दुर्घटना घटित होने के साथ लोगों की जान भी जा चुकी है। 4 फरवरी को भी ओवरब्रिज के ऊपर ट्रेलर वाहन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ओवरब्रिज में लगी हुई रेलिंग को टक्कर मारने के साथ बड़ा हादसा टल गया।

## नाम का मॉडल स्टेशन, सुपर फास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज तक नहीं

**जांजगीर-चांपा।** मॉडल रेलवे स्टेशन जांजगीर नैला - में आज भी कई सुपरफास्ट ट्रेनों का - स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में बड़ी ट्रेन पकड़ने रेल यात्रियों को बिलासपुर एवं चांपा का चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें अधिक पैसे देने के साथ-साथ समय भी लगता है। जांजगीर मेल रेलवे स्टेशन कीपहचान मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में की जाती है लेकिन आज भी कई प्रमुख सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज मॉडल स्टेशन में शुरू तक नहीं हो सका है। मुंबई हावड़ा मेल, हावड़ा पुणे, पुरी वलसाड, दुर्ग राजेंद्र नगर, पुरी बीकानेर, भुवनेश्वर मुंबई सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों का यहां स्टापेज नहीं है। इस को लेकर रेल संघर्ष समिति के द्वारा लगातार मांग भी किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी समस्या तस की तस बनी हुई है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में रेल यात्री बिलासपुर मुंबई दिल्ली कोलकाता नागपुर भोपाल विशाखापट्टनम बेंगलुरु चेन्नई अमृतसर समेत अन्य शहरों में कामकाज एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से भी आना जाना करते हैं। ऐसे में इन रेल यात्रियों को बड़ी गाड़ी पकड़ने काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

# नगर पंचायत डभरा में खिला पहली बार कमल

## 15 में 10 पार्षद भी भाजपा के विजय

**सक्ती।** नगर पंचायत बनने के बाद डभरा में पहली बार कमल का फूल खिला है। इसके साथ ही नगर के 15 वार्ड में से दो निर्विरोध सहित 10 वार्ड में भाजपा के पार्षद चुन कर आये हैं।

नगर पंचायत डभरा में नगर सरकार का चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी दीपक कंवलधर साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के सुनील चंद्रा को 269 मतों से पराजित किया वहीं पूर्व दो बार के नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चंद्रा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप तीसरे स्थान पर रहे वही नगर के पंद्रह वाडर्डों में से 10 वार्ड पार्षद भाजपा से चुने गए हैं जबकि कांग्रेस से मात्र तीन वार्ड पार्षद ही चुने गए हैं वहीं दो पार्षद निर्दलीय चुनकर आये हैं। गौरतलब हो कि नगर पंचायत डभरा बनने के बाद पिछले तीन चुनाव में भाजपा को सफलता नही मिली थी पहले चुनाव में अनिल चंद्रा ने एनसीपी से चुनाव जीत कर आये थे दूसरे चुनाव में महिला के लिए आरक्षित होने पर अनिल चंद्रा की धर्मपत्नी नीलू चंद्रा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप चुनाव जीता था जबकि अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए तीसरे चुनाव में कांग्रेस के प्रीतम अग्रवाल नगर अध्यक्ष बने थे और इस बार और पहली बार भाजपा ने

परचम लहराया है। नगर अध्यक्ष के लिए पांच लोगों ने पर्चा भरा था जिसमें पूरे नगर में 5484 मत पड़े थे जिसमें विजेता भाजपा के दीपक कंवलधर साहू को 2341 मत, कांग्रेस के सुनील चंद्रा को 2072 मत, निर्दलीय उम्मीदवार अनिल चंद्रा को 967 मत और दो निर्दलीय उम्मीदवार को क्रमश: 37 और 16 मत प्राप्त हुए। इस तरह से भाजपा ने 269 वोटों से जीत हासिल किया। वर्तमान नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक कंवलधर साहू को विजयी हुए हैं। जबकि कांग्रेस से मात्र तीन वार्ड पार्षद ही चुने गए हैं। वहीं दो पार्षद निर्दलीय चुनकर आये हैं।

**कांग्रेस को नहीं मिला तीन वाडों में उम्मीदवार**

विदित हो कि नगर पंचायत डमरा में पंद्रह वार्ड है जिनमें कांग्रेसियों को तीन वार्ड में पार्षद के प्रत्याशी ही नहीं मिले। जिसमें वार्ड न. 07 और 15 भाजपा से निर्विरोध पार्षद चुने गए वहीं वार्ड नं 03 से निर्दलीय उम्मीदवार ने भाजपा के उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज किया। बताया जाता है कि पहली बार भाजपा ने अध्यक्ष बनाने में सफलता पाई हैं। जिसमें वर्तमान नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक कंवलधर साहू को विजयी हुए हैं। जबकि कांग्रेस से मात्र तीन वार्ड पार्षद ही चुने गए हैं। वहीं दो पार्षद निर्दलीय चुनकर आये हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी प्रचार करने आए थे। वही कांवोस के क्षेत्रीय विधायक भी मोर्चा संभाले हुए थे फिर भी असफलता हाथ लगी है।

# शिवरीनारायण के मेले में लग रहा है श्रद्धालुओं की भीड़

**जांजगीर चांपा।** टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला शिवरीनारायण का माधी मेला इनदिनों शबाब पर आ गया है। सबसे पहले यहां आने वाले परिवार सहित कतार में लगकर भगवान शिवरीनारायण का दर्शन कर रहे है। इसके बाद परिवार सहित मेला का आनंद ले रहे है। इधर मेला खत्म होने का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। नगर के सभी रास्तों में लोगों की भीड़ नजर आ रही है। महाशिवरात्रि के दिन मेला का समापन होगा। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण की माघी मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। परिवार सहित बड़ी संख्या में लोग मेला का आनंद उठाने प्रति दिन हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं। रविवार आवकाश के दिन होने

के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर और मेला मैदान में दर्शनार्थियों के भीड़ देखी गई। मेला में हा जगह चाहे मनोरंजन स्थल, होटल और दुकानों में भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी।



शिवरीनारायण में 15 दिवसीय ऐतिहासिक मेला 12 फरवरी से प्रारंभ हुआ है, जो कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। शिवरीनारायण के मेला का इतिहास बहुत पुराना है। यहां सभी वर्ग के लोग आकर मेले का खूब आनंद उठा रहें हैं। शिवनारायण मेला में बर्तन दुकान, चूड़ी दुकान, होटल, मूर्ति, फल खिलौना बैग, कपड़े, जूते आदि विभिन्न प्रकार के दुकान, मीना बाजार कतार से लगा हुआ है। इसी तरह लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूला, सिनेमा, जादूघर, मौत कुआं लगा है, जिसका सभी खूब आनंद उठा रहे हैं, वहीं मेला में घूम-घूम कर जरूरत की सामान खरीद रहे हैं।

मेला में महिला एवं बच्चों का ज्यादा भीड़ झूला के तरफ दिख रही है। मेले में इस बार टूरिंग टॉकिज, मीना बाजार, बों के विभिन्न झूले, खेल तमाशा, खिलौना, होटल सहित अन्य प्रकार की दुकानें सजी हुई है। मेला में इस बार लगा हुआ है। वहीं मेला देखने वाले लोग सबसे पहले मंदिर देवालय में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर पूण्य अर्जित कर रहे हैं। नगर में भगवान श्री शिवरीनारायण मंदिर सहित जगन्नाथ स्वामी, माता शबरी, श्री राम जानकी राधाकृष्ण मंदिर, अन्नपूर्णा देवी, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर है। यहां सभी दर्शन कर मेला के साथ नौका विहार का खूब आनंद ले रहे हैं।

# बांस-बल्लियों के सहारे बिजली का कनेक्शन, विभाग को हादसे का इंतजार

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में ही कुछ एक जगह पर आज भी बांस के सहारे बिजली का कनेक्शन पहुंचाया गया है। जिसके चलते हादसों की संभावना भी बनी हुई है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर में करीब 14 हजार विद्युत उपभोक्ता है वहीं शहर 25 वार्डों में बटा हुआ है आज भी शहर के कई क्षेत्र में रहने वाले लोग बांस के सहारे अपने घरों तक बिजली कनेक्शन पहुंच हुए हैं। इस तरह की स्थिति शहर के ही लिंक रोड शांति नगर, इंदिरा नगर रमन नगर सहित अन्य अन्य वाडर्डों में देखने को मिल रही है। बिजली का कनेक्शन लेते समय उपभोक्ताओं को निर्धारित मापदंड एवं नियम का पालन करते हुए बिजली का कनेक्शन लेना रहता है साथ ही शुरुआत में विभाग के द्वारा अस्थाई कनेक्शन दिया जाता है इसके बाद नियमित कनेक्शन मिलता है। शहर के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हर साल नए मकान बनाए जा रहे हैं। इस बीच उन्हें बिजली कनेक्शन लेने की जरूरत पड़ती है। बिजली के माध्यम से ही घर में पंखे एयर कंडीशनर कलर सहित मोटर पंप का संचालन भी बिजली के माध्यम - से होता है, लेकिन कई उपभोक्ता अस्थाई कनेक्शन लेने के बाद उस पर ध्यान नहीं देते। ऐसे में कई जगह खंभे की जगह बांस के माध्यम से ही लोगों के घरों तक बिजली कनेक्शन पहुंचाया जाता है। ऐसे में हादसों की संभावना बनी रहती है। खासकर शहर के रमन नगर सहित अन्य विभिन्न स्थान पर बड़े पैमाने पर मकान निर्माण हो रहा है, लेकिन बिजली के स्थाई कनेक्शन लेने को लेकर कई लोग ध्यान तक नहीं देते ऐसे में अस्थाई कनेक्शन के माध्यम से बिजली सप्लाई होती रहती है। जिसके चलते हादसों की संभावना बनी रहती है। हाल के कुछ महीनो पूर्व ही नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खोकसा के आश्रित ग्राम जोबी निवासी एक किसान अपने खेत में अस्थाई बिजली कनेक्शन के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचने के काम में लगा हुआ था। इस बीच वह युवक करंट की चपेट



में आ गया। जिससे

उसकी मौत हो गई थी इस तरह देखे तो कई बार हादसों की संभावना भी बनी रहती है। इस तरह की कई मामले सामने आ चुके हैं जिसके चलते लोग दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं इन सब के बावजूद जिम्मेदार बिजली विभाग कई उपभोक्ताओं को स्थाई बिजली का कनेक्शन समय पर नहीं दे पाता है। ऐसा लगता है कि विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

## बोर्ड परीक्षा शुरू: इंग्लिश के पेपर में साहित्य से पूछे प्रश्न

**जांजगीर।** सीबीएसई बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो चुकी हैं। पहले दिन दसवीं कक्षा में इंग्लिश (कम्युनिकेटिव), इंग्लिश (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) का पेपर हुआ। प्रश्नपत्र में अधिकतम सेक्शन अंग्रेजी साहित्य से पूछे गए थे, वहीं बारहवीं की परीक्षा की शुरुआत एंटरप्रेन्योरशिप का पेपर से हुई।

10 वीं में पेपर की भाषा स्पष्ट थी, जिससे छात्रों के लिए प्रश्नों को समझना और हल करना काफी आसान रहा। साथ ही, प्रश्न पत्र में अधिकतम सेक्शन अंग्रेजी साहित्य से पूछ गए थे। छात्रों ने बताया कि प्रश्न को हल करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और तय समय में उन्होंने सारे प्रश्न के जवाब लिख दिए। सीबीएसई बोर्ड एग्जाम में परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, माइक्रोफोन, स्मार्टवॉच, वॉलेट, चश्मा, हैंडबैग और अन्य कम्युनिकेशन डिवाइस को सेंटर पर लाने की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षार्थी केवल पेन, पेंसिल, इरेजर, स्केल, शार्पनर, जियोमेट्री इंस्ट्रूमेंट, कलर, एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा में प्रवेश कर सके। सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होकर दोपहर 1.30 बजे खत्म हुई। रेग्यूलर छात्र- छात्राओं को एग्जाम सेंटर पर अपने प्रवेश पत्र के साथ अपने स्कूल आईडी कार्ड को भी देखा गया जबकि प्राइवेट छात्रों को अपने प्रवेश पत्र के साथ-साथ सरकार द्वारा जारी कोई भी फोटो पहचान प्रमाण को चेक किया गया। नियमित छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म ही एंट्री दी गई। परीक्षा में डायबिटीज स्टूडेंट्स को छोड़कर अन्य किसी भी परीक्षार्थियों को खाने-पीने की चीजें (बंद या खुली) लाने की अनुमति नहीं दी गई।

# अजीत साहू को मिल रहा व्यापक जन समर्थन

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत क्षेत्र एक से इस बार अजीत साहू चुनाव लड़ रहे हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से अपना भाग्य आजमा रहे हैं जो प्रत्याशी घोषित होने के बाद से अपने क्षेत्र में पूरी तरह से मतदाताओं से संपर्क बनाए हुए हैं । सुबह 10 बजे से लेकर देर रात्रि तक अजीत साहू अपने छाप में वोट मांग रहे हैं तथा जनता से उन्हें अपेक्षा से अधिक समर्थन भी प्राप्त हो रहा है। यहां यह बताना आवश्यक है कि अजीत साहू इससे पहले भी जिला पंचायत के एक बार उपाध्यक्ष एवं एक बार सदस्य रहे हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में अनेक कार्य कर जनता को सुविधा देकर समस्याओं से निजात दिलाने का काम किए है जिस कारण से उनकी लोकप्रियता जनता के बीच अच्छी बन गई है। वे जिस तरीके से चुनाव लड़ रहे हैं उन ग्राम पंचायत क्षेत्र में शामिल ग्राम पंचायत की जनता उनका फूल मालाओं एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत भी कर रही है जिसे देखकर कह सकते हैं कि अजीत साहू का पक्ष लगातार मजबूत होने लगा है।

वैसे भी में अजीत साहू नाम कोई परिचय का मोहताज नहीं है जिनका व्यावसायिक कारोबार के अलावा राजनीतिक में सेवा भाव के कार्यों से जनता काफी खुश नजर आ रही है। विशेष कर युवा वर्ग एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं इस प्रत्याशी को बहुत पसंद करने लगे हैं जिनके चुनाव प्रचार में आने से उनके साथ गांव-गांव गली गली निकलकर प्रचार कर माहौल तैयार कर रहे हैं। ऐसे में अजीत साहू का पक्ष निरंतर मजबूत होने लगा है जिन्हें भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। इसके पूर्व वे बलौदा विकासखंड तथा अकलतरा ब्लाक से जिला पंचायत का सदस्य निर्वाचित होते रहे हैं इस बार में नवागढ़ विकासखंड के क्षेत्र क्रमांक 1 से किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें सिवनी,खोखरा खोखसा,बनारी फुटपुरा कन्हाई बंद सरखो आदि बड़े-बड़े गांव है जहां उन्हें अच्छा जन समर्थन प्राप्त हो रहा है।

इन गांव मे विकास के आप पर द्वारा पूर्व में किए गए दूसरे क्षेत्र में किए गए काम की उपलब्धि का भी असर देखने को मिल रहा है जहां विकास की आस लिए हुए क्षेत्र की जनता इनसे जुड़ने लगी है ।

## युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेल के मामले में व्याख्याता निलंबित

**जांजगीर।** नौकरी लगाने के नाम पर युवती से दुष्कर्म और विडियो बनाकर वायरल करने वाले व्याख्याता सूर्यकांत कश्यप को लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक ने निलंबित करने का आदेश किया है। वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल तिलई में व्याख्याता के पद पर कार्यरत था। दरअसल एक पीड़ित युवती ने कोतवाली थाना जांजगीर में 15 अक्तूबर 24 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह पढ़ाई के साथ नौकरी की तलाश कर रही थी। इस बीच सूर्यकांत कश्यप से मुलाकात होने पर उसने युवती अच्छी कंपनी में नौकरी लगवाने की बात कही और अपने घर बुलाया था। इस बीच जबरदस्ती करते हुए कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और मोबाइल में वीडियो भी रिकॉर्ड किया। फिर वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने लगा।

## सारागांव: कांग्रेस के छबिलाल बने अध्यक्ष

**देवरी सारागांव।** नगर पंचायत के घोषित चुनाव परिणाम मे कांग्रेस के छबिलाल सूर्यवंशी सहित 8 पर कांग्रेस पार्षद 3 वार्ड में भाजपा व 4 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीतने मे सफल रहे। कांग्रेस भाजपा सहित अध्यक्ष पद के लिए 4 और 15 वार्ड में 46 पार्षद पद प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।अध्यक्ष पद मे छबिलाल सूर्यवंशी कांग्रेस को 2754, केशव प्रसाद करियारे भाजपा 1788 व निर्दलीय पार्वती देवी सहिस 360 व विजय सूर्यवंशी निर्दलीय को मत मिले। इसी तरह पार्षद प्रत्याशियों में वार्ड 1 से भाजपा प्रत्याशी रामगोपाल यादव को 311, कांग्रेस के प्रबोधिनी राजकुमार राठौर को 150, वार्ड 2 कांग्रेस के प्रमोद कुमार राठौर को 173, नारायण प्रसाद यादव को 81, दिनेश कुमार कर्ष को 163, वार्ड 3 निर्दलीय को 167, चंद्रमुखी सिदार कांग्रेस 144, जयचंद सौरा भाजपा 14, वार्ड 4 निर्दलीय संतोष देवांगन 120, दीपक राठौर कांग्रेस 94, सुनील राठौर भाजपा मिट्ठू लाल कर्ष 66, वार्ड 5 ममता अमरनाथ राठौर कांग्रेस 162, राम कुमारी राठौर निर्दलीय 131, गीता पैगवार भाजपा 8, वार्ड 6 निर्दलीय मनीषा भैना 143, बसंती भैना भाजपा 11, दिलेश्वरी गोढ़ कांग्रेस 142, वार्ड 7 कांग्रेस विजय राठौर 171, रामेश्वर राठौर भाजपा 25, ध्रुव कुमार राठौर निर्दलीय 88, वार्ड 8 दिलेश्वर प्रसाद राठौर कांग्रेस 223, धर्मेंद्र राठौर भाजपा 171, विश्वजीत सूर्यवंशी निर्दलीय 7, वार्ड 9 निर्दलीय दिनेश रात्रे 168, भालचंद्र सूर्यवंशी भाजपा 46, चेतराम सूर्यवंशी कांग्रेस 113, वार्ड 10 अनीता सूर्यवंशी कांग्रेस 110, बृजलाल सूर्यवंशी भाजपा 73, सत्यम कुमार सूर्यवंशी निर्दलीय 105, वार्ड 11 कलाकुमारी सूर्यवंशी कांग्रेस 274, सावित्री भाजपा 35, निशा सहिस निर्दलीय 29, वार्ड 12 कैलाश केशरवानी भाजपा 155, सहसराम कर्ष कांग्रेस 90, वार्ड 13 कुन्ती नगेशिया कांग्रेस 127 मे सफल रहे।

## अनमोल वचन......

ज्ञान सबसे बड़ा धन है। स्वयं से पूछे- धनवान हूं ? मैं कितना

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत

भाजपा का दिल्ली में 27 साल से चला आ रहा राजनीतिक वनवास समाप्त हो गया जब उसने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीट जीत कर आम आदमी पार्टी (आप) के तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के मंसूबे पर पानी फेर दिया।आप को 22 सीटें मिलीं। कांग्रेस अपना खाता तक खोलने में लगातार तीसरी बार नाकाम रही। भाजपा को 45.81 फीसद मत मिले जबकि आप ने 43.56 फीसद मत हासिल किए और कांग्रेस को 6.36 फीसद मतों पर संतोष करना पड़ा। आप के लिए सर्वाधिक निराशाजनक रहा कि उसके राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी में नंबर दो मनीष सिसोदिया समेत सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन समेत कई धुरंधरों को मतदाताओं ने नकार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो दिल्ली में भाजपा की जीत के प्रमुख कर्णधार रहे, अपनी पार्टी को प्रचंड जनादेश' मिलने पर मतदाताओं का आभार जताते हुए आस्त किया है कि राजधानी के चौतरफा विकास और लोगों का जीवन उत्तम बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली एक दशक की आप-दा' से मुक्त हुई है। कांग्रेस की इस बार भी दुर्गत हुई। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस इस बार भी एक भी सीट हासिल न कर सकी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ी कांग्रेस के तीन प्रत्याशी ही जमानत बचा सके। अलबत्ता, पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके मत प्रतिशत में दो फीसद से ज्यादा बढ़ोतरी जरूर हुई है। आप का जन्म मध्यम वर्ग की तत्कालीन राजनीतिक माहौल से निराशा की वजह से हुआ था लेकिन बाद के वर्षो में आप खुद को गरीबों के लिए काम करने वाली चैंपियन पार्टी के रूप में उभारने सफल रही।लेकिन राजधानी में नागरिक सेवाओं की चरमराई स्थिति से पनपे आम जन के आक्रोश से बच न सकी। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सत्ता होने के कारण आप के लिए यह भी संभव न था कि निगम की काहिली बता कर जनाक्रोश से खुद को बचा ले जाती। शराब घोटाला, जिसमें उसके कुछ वरिष्ठ नेताओं को जेल भी जाना पड़ा, आलीशान मुख्यमंत्री आवास, जिसे भाजपा ने शीशमहल कहा, जैसे मुद्दे ऐसे रहे जिनसे केजरीवाल की छवि खासी धूमिल हो गई। उनकी कट्टर ईमानदार' की छवि को इन दो बातों ने चकनाचूर कर दिया। वे जनता को विश्वास ही नहीं दिला पाए कि उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका भाग्य पूरे दिन आपके साथ रहने वाला है। आज सभी कार्य समय से पूरे हो जाएंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन बनी रहेगी, लेकिन किसी के साथ बातें शेयर करने से सब ठीक हो जाएगा। आज आप अपने बिजनेस के लिए नई योजनाएं बनाएंगे।

**वृष राशिः** आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। साथ ही घर पर कोई धार्मिक कार्यक्रम करने का मन बनाएंगे। आज लोगों को प्रसन्न करने के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। घर परिवार में खुशियों का आगमन होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज फ़ोन पर किसी रिश्तेदार से अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे। पेंटिंग करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी कला की तारीफ होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर आयेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। सोशल मीडिया पर आज आपके नए-नए दोस्त बनेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घरेलू चीजों को खरीदने का प्लान बनाएंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार के लिए आज आप किसी बड़े ग्रुप से डील करने में कामयाब होंगे। अगर आप नई जमीन खरीदना चाहते है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**सिंह राशिः** आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अंदरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज आपके व्यवहार को लेकर पड़ोसी आपकी तारीफ करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या राशिः** आज आप धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए परिवार वालों से राय ले सकते है। घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। लवमेट के साथ कही घूमने जाएंगे, रिश्ते में और मिठास आयेगा। आज आपके व्यापार में दो-गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं।

**तुला राशिः** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। आज किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या का समाधान निकलेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने की वजह से आज आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके साथ काम करने का प्रपोजल आयेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा, थोड़ी और मेहनत करने से सफलता जल्द ही कदम चूमेगी। आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। आज प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। सामाजिक कार्यों को लेकर आपके आस-पास के लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नौकरी में बदलाव करने का मन बनाएंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए जॉब के अच्छे अवसर सामने आएंगे। आप अपने रूटीन में सकारात्मक बदलाव करेंगे तोनिश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षित बनाएगा। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। आज लोगों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक पक्ष पहले से काफी बढ़िया रहेगा। व्यापारियों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के विवाहित लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मीन राशिः** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज नए दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में पूरी जानकारी कर लें, तभी दोस्ती का हाथ बढ़ाए। इस राशि के अविवाहित लोगों के विवाह की बात होगी। आज कोई घरेलू उपयोग का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे। आज किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा।

# केजरीवाल का चुनाव हारना एक बड़ी परिघटना

//अजीत द्विवेदी//

**दिल्ली के चुनाव नतीजों की अलग अलग नजरिए से व्याख्या हो रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आम आदमी पार्टी और खुद अरविंद केजरीवाल का चुनाव हार जाना एक बड़ी परिघटना है। आंदोलन से निकली एक पार्टी ने एक दशक के समय में जो मुकाम हासिल किया था वहां से उसका नीचे गिरना कई बातों का संकेत है। आमतौर पर यह माना जा रहा है कि आंदोलन से निकली पार्टी अपने मूल्यों को भूल गई और किसी दूसरी पारंपरिक पार्टी की तरह राजनीति करने लगी इसलिए उसकी हार हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि एक विचारधारा विहीन पार्टी का यह हस्र होना तय था।**

यह भी कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी चुनावी सफलता के पीछे भागती रही और उसने संगठन व काडर बनाने पर ध्यान नहीं दिया इसलिए उसकी हार हुई है। ये सारी बातें सही हैं और आम आदमी पार्टी व अरविंद केजरीवाल की हार में इन सब कारणों का योगदान है। परंतु अब हार के कारणों से आगे देखने की जरुरत है। आगे क्या। क्या धूमकेतु की तरह उभरे अरविंद केजरीवाल अब समाप्त हो जाएंगे और उनकी तरह दूसरी प्रादेशिक पार्टियों के अस्तित्व पर भी ग्रहण लगेगा और इससे भाजपा व कांग्रेस के रूप में दो ध्रुवीय राजनीति की बुनियाद बनेगी। हो सकता है ऐसा हो लेकिन उसके साथ ही एक और बदलाव की संभावना दिख रही है और वह ये है कि दिल्ली के नतीजे से रेवड़ी की राजनीति के अंत की शुरुआत हो गई है।

हालांकि पहली नजर में ऐसा दिख नहीं रहा है, बल्कि इसका उलटा दिख रहा है। रेवड़ी राजनीति के अंत की शुरुआत' के निष्कर्ष को यह कह कर खारिज किया जा सकता है कि असल में दिल्ली में भाजपा की जीत रेवड़ी राजनीति की ही जीत है। क्योंकि भाजपा ने न सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार की रेवड़ियों को जारी रखने का वादा किया, बल्कि उसके ऊपर भी बहुत कुछ देने की घोषणा की है। इसके बावजूद दिल्ली के चुनाव नतीजे में रेवड़ी राजनीति के खत्म होने के बीज छिपे हैं। हो सकता है कि इस बीज के अंकुरित होने में थोड़ा समय लगे लेकिन देर सबेर ऐसा होगा जरूर। ऐसा मानने का कारण यह है कि दिल्ली के लोगों को अगर सिर्फ मुफ्त की चीजों और सेवाओं की घोषणा से प्रभावित होकर वोट करना होता तो उनके सामने भाजपा से बेहतर विकल्प आम आदमी पार्टी का था। आम आदमी पार्टी का मुफ्त की रेवड़ी बांटने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। इसके बावजूद लोगों ने उसको छोड़ कर भाजपा को वोट दिया तो उसके पीछे रेवड़ी राजनीति के अलावा भी कुछ चीजें हैं।

लोगों ने रेवड़ी बंटने की निरंतरता कायम रहते हुए कुछ और काम होने की उम्मीद में भाजपा को वोट दिया है। उनकी वह उम्मीद आप और अरविंद केजरीवाल की सरकार से पूरी नहीं हुई थी। यह उम्मीद 2015 में पूर्ण बहुमत की केजरीवाल की सरकार बनने के साथ ही टूटने लगी थी लेकिन लोगों ने 2020 में उस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने 2020 में मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर वोट कर दिया। यहां तक कि 2022 में पंजाब में भी इसी उम्मीद में आप को छप्पर फाड़ वोट मिले और उसकी सरकार बनी। परंतु 2025 आते आते पानी सिर के ऊपर से बहने लगा तब लोगों ने रेवड़ी की राजनीति को खारिज किया।

उन्होंने सिर्फ इस उम्मीद में भाजपा को वोट नहीं दिया है कि वह बहुत सारी चीजें और सेवाएं मुफ्त में देगी, बल्कि इस उम्मीद में दिया है कि भाजपा की सरकार दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए काम करेगी। यमुना की सफाई करेगी। सड़कों और गलियों को साफ रखेगी। नालों की सफाई होगी। दिल्ली की हवा साफ होगी और लोगों के घरों में पीने का साफ पानी पहुंचेगा। नौकरी व रोजगार के अवसर बनेंगे। अगर दिल्ली के लोगों की यह उम्मीद है तो जाहिर है कि वे रेवड़ी की राजनीति को किनारे करने के लिए तैयार हैं। भले पूरी तरह से नहीं हों लेकिन अब उस दिशा में उन्होंने सोचना शुरू कर दिया है और अगर भाजपा की सरकार उन उम्मीदों को पूरा करती है तो रेवड़ी की राजनीति से ध्यान हटेगा।ध्यान रहे सांस्थायिक रूप से रेवड़ी की राजनीति अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से ही शुरू की थी। उन्होंने लोक कल्याण और मुफ्त की रेवड़ी का फर्क मिटा दिया था। उन्होंने तमिलनाडु मॉडल पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए वन टाइम रेवड़ी नहीं बांटी थी, बल्कि उसको स्थायी स्वरूप दिया था। गौरतलब है कि तमिलनाडु में चुनाव को प्रभावित करने के लिए पार्टियां चुनाव के समय महिलाओं को मिक्सर, ग्राइंडर से लेकर वाशिंग मशीन और मंगलसूत्र देने का वादा करती थीं और देती भी थीं। वोट खरीदने के लिए पैसे भी बांटे जाते थे।

लेकिन हर महीने बिजली, पानी मुफ्त में देने या मुफ्त बस पास देने जैसी योजनाएं नहीं चलाई जाती थीं। एक बार मंगलसूत्र देंगे या लैपटॉप देंगे यह चलता था। केजरीवाल ने इस रेवड़ी राजनीति को सांस्थायिक रूप दिया। इसी को उन्होंने दिल्ली मॉडल के तौर पर प्रचारित किया। स्कूलों और अस्पतालों का रंग रोगन करके पीआर स्टंट के जरिए उसका प्रचार करना और मुफ्त की चीजें व सेवाएं बांटना उनका मुख्य काम रहा। दिल्ली, पंजाब सहित कई राज्यों में उनको इसका फायदा मिला और उनकी देखादेखी सभी पार्टियों ने रेवड़ी राजनीति शुरू कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू में इसका विरोध किया और इसे अर्थव्यवस्था को बरबाद करने वाला बताया लेकिन बाद में उनको भी समझ में आया कि यही चुनाव जीतने का मंत्र है तो वे भी बहती गंगा में कूद गए।

अब इस गंगा की गंगोत्री यानी दिल्ली में इसके भगीरथ यानी अरविंद केजरीवाल चुनाव हार गए हैं। यह निजी तौर पर उनके लिए बड़ा झटका है लेकिन रेवड़ी राजनीति के चुनाव जिताने की गारंटी पर भी सवालिया निशान लगाता है। जो वर्ग पूरी तरह से मुफ्त की रेवड़ी की उम्मीद में रहा या जिसने भाजपा को हराने की जिम्मेदारी अपने कंधे पर उठा रही है उसको छोड़ कर बाकी लोगों ने भाजपा को वोट किया। यह एक बड़ा आकांक्षी वर्ग है। उसको यह भी समझ में आ रहा है कि रेवड़ी बांटने के चक्कर में सरकारों का खजाना खाली हो रहा है और सरकारें बुनियादी ढांचे के विकास का काम नहीं कर पा रही हैं या रोजगार के अवसर पैदा करने वाली योजनाएं नहीं ला पा रही हैं। उसके लिए सरकार भी पूरी तरह से निजी निवेश और निजी क्षेत्र की गतिविधियों पर निर्भर हो गई है। रेवड़ी की राजनीति से सरकारों का खजाना खाली हो रहा है और उस पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है और इसी वजह से सरकारें अंधाधुंध टैक्स वसूल रही हैं, जो अंततः आम लोगों की जेब से ही निकल रहा है। अगर लोगों को ये बातें समझ में आती हैं तो इसी से रेवड़ी की राजनीति का अंत होगा।

रोशनी की एक किरण यह भी दिख रही है कि दिल्ली के नतीजे से पहले की लोक कल्याण और रेवड़ी राजनीति पर चर्चा होने लगी थी। दिल्ली हाई कोर्ट से रिटायर जज जस्टिस एसएन ढींगरा ने इसे लेकर एक जनहित याचिका दिल्ली हाई कोर्ट में दायर की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि हाई कोर्ट में लोक कल्याण बनाम रेवड़ी की राजनीति पर सार्थक बहस होगी। अगर अदालत दोनों के बीच के बारीक फर्क को समझाए तो पार्टियों के लिए भी बड़ी राहत की बात होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पार्टियां और राज्य सरकारें भी इस राजनीति के जाल से निकलना चाहती हैं।

लेकिन उनको कोई रास्ता नहीं सुझ रहा है। उन्होंने जनता को इसकी ऐसी लत लगाई है, जिसे छुड़ाना आसान नहीं है। लेकिन अगर अदालत से निर्णायक फैसला आ जाए कि सरकारें लोक कल्याण के काम तो करेंगी यानी शिक्षा व स्वास्थ्य की सस्ती व बेहतर सेवा देंगी और कृषि व छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली योजनाएं चलाएंगी लेकिन मुफ्त की चीजें नहीं बांटेंगी तो रेवड़ी राजनीति पर विराम लग सकता है।

# लोगों की उम्मीदों का केन्द्र बने रहते हैं राहुल

//शकील अख़्तर//

**राजनीति में संघर्ष करना पड़ता है। स्टालिन को कितना इंतजार करना पड़ा। जयललिता के रहते हुए उनके संघर्ष लगातार चलते रहे। सत्तर के होने से दो तीन साल पहले ही वे मुख्यमंत्री बन पाए। और अब विपक्ष की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। और तमिलनाडु के वे एकमात्र बड़े नेता हैं। पक्ष विपक्ष दोनों जगह। शोले फिल्म का डायलाग राजनीति में बिल्कुल सही साबित हो रहा है। जो डर गया समझो वह मर गया! वहां भी मरने से मतलब मरेना नहीं था। यहां भी नहीं है। कोई हैसियत न रह जाना। निपट जाना। या जैसे गांव कस्बों में कहा जाता है धरती पर बोझ समान! राहुल गांधी ने दिल्ली चुनाव में अरविन्द केजरीवाल पर जो सबसे बड़ा हमला किया था वह यही था कि विपक्ष के नेताओं में नरेंद्र मोदी से जो सबसे ज्यादा डरते है वह अरविंद केजरीवाल हैं।**

राहुल खुद किसी से नहीं डरते। और इसलिए उनके इस विषय में कहने का असर होता है। राहुल का जो केन्द्रीय गुण या ताकत मानी जा सकती है वह उनका किसी भी परिस्थिति में नहीं डरना ही है। और इसलिए उनके खिलाफ इतना माहौल बनाया गया, इतने मुकदमे लादे गए, लोकसभा की सदस्यता छीनी गई, मकान लिया गया, एसपीजी हटाई गई, सड़क पर पुलिस से धक्का दिलवाकर गिरवा दिया गया।

क्या नहीं हुआ मजाक उड़ाने के लिए पप्पू, बाबा नाम प्रचारित किए गए। खुद राहुल ने कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए गए। मगर चूंकि राहुल डरे नहीं, प्रधानमंत्री मोदी के सामने हमेशा डट कर खड़े दिखे तो आज हर जगह एक ही बात कही जाती है कि मोदी का अगर कोई मुकाबला कर सकता है तो वह राहुल गांधी ही हैं। और यह बात खुद मोदी जी भी जानते हैं इसलिए वे हर जगह हर विषय पर राहुल और उनके परिवार पर आरोप लगाते रहते हैं। वह तो डायरेक्ट उन्हें महाकुंभ में लगे महा जाम का बचाव नहीं करना है नहीं तो वे इसके लिए भी नेहरू को दोषी करार देते।

अभी भगगड़ में हुई मौतों के बाद वे नेहरू के समय कुंभ में हुई भगदड़ की कहानी बता चुके हैं। अदालतों में तो यह नहीं चलता मगर जनता को बेवकूफ बनाने के लिए प्रतिक्रियावादी नेता हमेशा यह तर्क देते हैं कि क्या पहले नहीं हुआ था। मतलब अगर पहले हुआ था तो हमारे समय होना जायज है।

नरेंद्र मोदी के इन्हीं बिलो द बेल्ट ( नियमों सिद्धांतों के खिलाफ) हमलों और विन्डिक्टिव ( नफरत बदले के भावना से) राजनीति के कारण सिर्फ नेता ही नहीं संवैधानिक संस्थाएं तक डर गई हैं। राहुल ने कहा था इसीलिए कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और संघ से नहीं है। हमें इंडियन स्टेट से भी लडऩा पड़ रहा है। राहुल की यह बात अब मोदी बार बार दोहराते हैं कि राहुल भारत से लडऩे की बात कर रहे हैं।

दरअसल राहुल ने कहा था कि सभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदी ने कब्जा कर लिया है। हमें उनसे भी लडऩा पड़ रहा है। इन्डियन स्टेट मतलब सरकार और उसकी ऐजेन्सियां। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स वगैरह। और संस्थाओं न्यायपालिका, चुनाव आयोग, मीडिया, संसद में पीठासीन अधिकारियों के पक्षपात पूर्ण रवैये से। निश्चित ही रूप से यह लड़ाई बहुत कठिन है। और इसे लडऩा बहुत साहस का काम। राहुल ने यहां तक कहा कि जब तक मैं जिन्दा हूं किसी भी हिन्दुस्तानी पर आक्रमण होगा चाहे वह किसी भी धर्म का हो हिन्दु हो मुसलमान हो सिख हो ईसाई हो किसी भी जात का हो दलित हो पिछड़ा हो राहुल वहां उसकी रक्षा करता मिलेगा। और राहुल ने यह भी कहा कि यह आज की बात नहीं मेरी पूरी लाइफ की राजनीति देख लेना। बिल्कुल सही। राहुल की पूरी राजनीति ऐसी ही है। बेखौफ। इसलिए जब वे अपने किसी समकालीन नेता के लिए कहते हैं कि वह डरता हो तो असर होता है। केजरीवाल, मोदी के डर से ही दलितों की बात नहीं कर पाए, पिछड़ों की नहीं कर पाए। राहुल की मांग आरक्षण के पचास प्रतिशत के केप को हटाने की बात तो बहुत बड़ी है कभी आरक्षण के समर्थन में नहीं बोला। जाति गणना के पक्ष में नहीं बोले। जहां उनके मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे वहां उनका प्रचार करने नहीं गए। वे केवल भाजपा की कार्बन कॉपी बने रहे। और जनता ने कार्बन कॉपी को ठुकरा दिया। मूल कॉपी के साथ चली गई।

डर खत्म करना बहुत जरूरी है। राजनीति में जनता खुद नेताओं से अभय दान चाहती है। अपने डर को दूर करने के लिए ही तो वह समूह में आती है। और फिर उसका नेतृत्व चाहती है। अगर नेता खुद ही डर जाएगा तो जनता उसके पीछे क्यों लगेगी। मायावती को जनता ने बिल्कुल छोड़ दिया। दिल्ली चुनाव में उसके 50 से ज्यादा उम्मीदवार हजार से भी कम वोट ला पाए। कभी कहा जाता था कि बसपा का टिकट किसी को भी मिले दस बीस हजार से तो उसकी गिनती शुरू होती है। लेकिन दिल्ली क्या खुद मायावती के राज्य उत्तर प्रदेश में लोकसभा में उनकी एक सीट नहीं। 2022 विधानसभा में 403 सीट में से उनकी केवल एक सीट आई थी। वह भी मायावती की वजह से नहीं जीतने वाले उमाशंकर सिंह का अपना असर था। मायावती सबसे ज्यादा डर में हैं। परिणाम कांशीराम की वह पार्टी भुगत रही है जिसमें कभी नारा लगता था चढ़ गुंडन की छाती पर मोहर लगाना हाथी पर! बीच बाजार में बसपा का दलित चौड़ी छाती करके यह नारा लगाता था। मगर आज गोपनीय मतदान में भी वोट नहीं डाल रहा। दिल्ली में कुछ सीटों पर तो सौ के करीब वोट आए हैं।

दूसरी तरफ यूपी के एक दूसरे नेता को देखें! अखिलेश यादव डर से निकल गए। आज चाहे यूपी की योगी सरकार या केन्द्र की मोदी सरकार अखिलेश सबसे कड़े हमले कर रहे हैं। और इसी निर्भयता का परिणाम है कि चाहे 2024 की लोकसभा हो या 2022 की विधानसभा जनता उनके साथ खड़ी हुई। लोकसभा में 37 सीटें यूपी में नंबर वन और विधानसभा 111 सीटें दीं।

अखिलेश के बारे में भी यह प्रचार किया गया कि उन्होंने समझौता कर लिया। डर गए। खासतौर से तब जब मुलायम सिंह यादव को पद्म विभुषण दिया गया। लेकिन अखिलेश इस बात को समझ गए कि मोदी के साथ जाकर उन्हें एक सुरक्षा के अहसास के अलावा और कुछ नहीं मिलेगा। और जाने में सपा की सारी राजनीति खतम हो जाएगी। उन्होंने सपा की राजनीति बचा ली। और खुद का कद आज इतना बड़ा कर लिया कि जब वे लोकसभा में बोलते हैं तो पक्ष विपक्ष सब उन्हें ध्यानपूर्वक सुनते हैं।

राजनीति में निर्भयता में ही वह चीज है जिसने लालू यादव को इतने मुकदमे जेल के बाद आज भी प्रासंगिक बनाए रखा। इसी साल बिहार में चुनाव हैं। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी उनकी पार्टी राजद की और तेजस्वी की है।

राजनीति में संघर्ष करना पड़ता है। स्टालिन को कितना इंतजार करना पड़ा। जयललिता के रहते हुए उनके संघर्ष लगातार चलते रहे। सत्तर के होने से दो तीन साल पहले ही वे मुख्यमंत्री बन पाए। और अब विपक्ष की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। और तमिलनाडु के वे एकमात्र बड़े नेता हैं। पक्ष विपक्ष दोनों जगह। डरो मत! राहुल का यह मंत्र ही मोदी युग में खुद को बचाए रखने का सबसे बड़ा हथियार है। जनता के मन का डर ऐसे ही दूर होगा। जब नेता निर्भय हों। अगर नेता खुद डरे हुए होंगे तो जनता और ज्यादा होगी। इसलिए राहुल का ग्राफ कभी गिरता नहीं। वे लोगों की उम्मीदों का केन्द्र बने रहते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालु जयपुर रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में श्री शिव सेवा महापुराण कथा में भाग लिया।



दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा नई दिल्ली के परेड ग्राउंड में दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस परेड के दौरान गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नए स्वरूप में गार्ड परिवर्तन समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम की साक्षी बनी।



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोगों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।



दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी घटना के बाद एलएनजेपी अस्पताल का दौरा किया।

# 6/11 मुंबई आतंकी हमले से पहले उत्तर से दक्षिण तक गया था तहव्वुर राणा

## अब इन यात्राओं के उद्देश्य का लगाया जाएगा पता

**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपित तहव्वुर हुसैन राणा ने हमले से पहले अपनी पत्नी के साथ उत्तर से लेकर दक्षिण भारत में कुछ जगहों का दौरा किया था। अमेरिका से राणा के संभावित प्रत्यर्पण के बाद वह 2008 में की गई अपनी इन यात्राओं के बारे में अहम जानकारी दे सकता है। इससे इन यात्राओं की गुत्थी सुलझेगी। 64 वर्षीय राणा पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक हैं और पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी है। 2023 में 14 साल की सजा पूरी करने के बाद से राणा लास एंजेलिस के एक महानगरीय हिरासत केंद्र में निगरानी में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उनके प्रशासन ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने उसे



दुनिया के साजिशकर्ताओं और बहुत बुरे लोगों में से एक बताया। प्रत्यर्पण के बाद, राणा इस मामले में अजमल कसाब और जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबू जुंदाल के बाद भारत में मुकदमे के लिए भेजे जाने वाला तीसरे व्यक्ति होगा। हमले में शामिल एकमात्र जीवित पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को नवंबर 2012 में पुणे की यरवदा जेल में फांसी दी गई थी।27 अक्टूबर 2009 को एफबीआइ द्वारा गिरफ्तार किए गए राणा को 2011 में एनआईए द्वारा भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और आतंकवाद के दमन पर सार्क सम्मेलन की धारा 6(2) के तहत आरोपित बनाया गया था। भारत में हेडली के कदमों का पता लगाते समय, केंद्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने पाया कि राणा ने 13 नवंबर से 21 नवंबर 2008 के बीच अपनी पत्नी समराज राणा अख्तर के साथ हापुड़, दिल्ली, आगरा, कोच्चि, अहमदाबाद और मुंबई का दौरा किया था।राणा ने इमिग्रेंट ला सेंटर से बिजनेस स्पांसर लेटर और कुक काउंटी से संपत्ति कर भुगतान नोटिस को अपने पते के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया था। अधिकारियों ने कहा कि एक बार राणा को भारत लाने के बाद इन यात्राओं के उद्देश्य के बारे में जाना जाएगा। 2009 में गिरफ्तार होने के बाद राणा को 2011 में दोषी ठहराया गया और 14 साल की सजा सुनाई गई। राणा को डेनमार्क में आतंकी साजिश में मदद करने और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को सहायता देने के एक मामले में अमेरिका में दोषी ठहराया गया था।मुकदमे के सुबूतों में रिकार्ड की गई बातचीत भी शामिल थी। इसमें सितंबर 2009 की वह बातचीत भी शामिल थी, जब हेडली और राणा ने पाकिस्तानी आतंकी इलियास कश्मीरी के मारे जाने की रिपोर्ट के बारे में बात की थी। अन्य बातचीत में राणा ने हेडली से कहा था कि मुंबई नरसंहार में शामिल हमलावरों को पाकिस्तान का सर्वोच्च मरणोपरांत सैन्य सम्मान मिलना चाहिए।

# स्कूल में स्मार्टफोन की जरूरत नहीं! चीन बेल्जियम और स्पेन समेत कई देशों में लगा बैन



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

शैक्षणिक संस्थानों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाये अथवा नहीं - इस विषय पर कई देशों में मंथन चल रहा है। बच्चों की शिक्षा एवं उनकी गोपनीयता पर स्मार्टफोन के असर को देखते हुए दुनिया भर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों (वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत) ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया था।2024 के अंत तक इस सूची में 19 और शामिल हो गए। इससे ऐसे शिक्षा प्रणालियों की कुल संख्या 79 (या 40 प्रतिशत) हो गई है। जहां तक भारत की बात है, तो इसने अभी तक शैक्षणिक संस्थानों में स्मार्टफोन के उपयोग पर कोई विशिष्ट कानून या नीति नहीं बनाई है।गौरतलब है कि पिछले साल कुछ प्रतिबंध और भी सख्त हो गए। उदाहरण के लिए, चीन के झेंग्झू शहर ने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में भी फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इनमें अभिभावकों से लिखित सहमति मांगी गई है कि वास्तव में शैक्षणिक कारणों से फोन की जरूरत है। फ्रांस में निम्न माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल ब्रेक का सुझाव दिया गया था। हालांकि, अन्य शिक्षा स्तरों पर पहले से ही फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। इसके विपरीत, सऊदी अरब ने चिकित्सा उद्देश्यों के लिए दिव्यांग-संगठनों के विरोध के कारण अपने प्रतिबंध को वापस ले लिया।जीईएम टीम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्ण प्रतिबंधों के अलावा कुछ देशों ने गोपनीयता संबंधी चिंताओं के कारण स्मार्टफोन के एजुकेशन सेटिंग्स में कुछ खास एप के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। डेनमार्क और फ्रांस दोनों ने गूगल वर्कप्लेस पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जर्मनी के कुछ राज्यों ने माइक्रोसॉफ्ट प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है।ये प्रतिबंध शिक्षा के स्तर के अनुसार भी भिन्न-भिन्न होते हैं। अधिकांश देश प्राथमिक विद्यालयों पर फोकस करते हैं और इजराइल जैसे कुछ देश किंडरगार्टन पर। तुर्कमेनिस्तान जैसे अन्य देशों ने प्रतिबंध को माध्यमिक विद्यालय तक बढ़ा दिया है। जीईएम रिपोर्ट-2023 के अनुसार, सिर्फ मोबाइल फोन का पास में होना और उस पर नोटिफिकेशन आना भी छात्रों का ध्यान काम से भटकाने के लिए काफी है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि एक बार ध्यान भटक जाने के बाद छात्रों को फिर से ध्यान केंद्रित करने में 20 मिनट तक लग सकते हैं। बेल्जियम, स्पेन और ब्रिटेन के स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक से छात्रों द्वारा सीखने के परिणामों में सुधार हुआ।

## जोधपुर का सरकारी इंजीनियर निकला करोड़ों का मालिक, बच्चों की पढ़ाई पर खर्च किए 70 लाख, परिजनों के नाम मिले 16 प्लाट

**जयपुर।** राजस्थान के जोधपुर में तैनात पीडब्ल्यूडी का अधीक्षण अभियंता दीपक मित्तल 16 प्लाटों समेत करोड़ों की संपत्ति का मालिक है। जयपुर एसीबी ने उसके छह शहरों जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, ब्यावर, अजमेर एवं हरियाणा के



फरीदाबाद स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।टीम को अब तक आरोपित अभियंता की आय से दो सौ प्रतिशत अधिक की संपत्ति मिली है। जयपुर स्थित उसके घर से एसीबी को करीब 50 लाख रुपये नकद, करीब आधा किलो सोने की ज्वेलरी और करीब डेढ़ किलो चांदी के जेवर मिले।एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश ने बताया कि मित्तल के खिलाफ आय से अधिक संपति की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। शनिवार देर रात छापेमारी शुरू हुई, जो रविवार तक चली। उसके परिजनों के नाम जयपुर में करीब एक करोड़ के चार प्लाट, उदयपुर में 1.34 करोड़ के नौ प्लाट और ब्यावर व अजमेर में 6.50 लाख के तीन प्लाट मिले हैं।फरीदाबाद में उसके भाई अंकुर मित्तल के घर भी टीम छापा मार रही है। आरोप है कि दीपक ने अपना कुछ पैसा फरीदाबाद में भाई के यहां भी लगाया है। एसीबी को आरोपित इंजीनियर दीपक मित्तल के बच्चों की पढ़ाई के लिए सेंट जेवियर स्कूल, जयपुर, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी और एम्स गोरखपुर की फीस से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। इसमें करीब 70 लाख रुपये की फीस का हिसाब है। मित्तल के कई बीमा पालिसियों में निवेश और तीन बैंक लाकर हैं। बैंक लाकरों की तलाशी अभी बाकी है।

# करवट बदलेगा मौसम, जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड हिमाचल तक छह दिन बारिश व बर्फबारी के आसार



**नईदिल्ली, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को बताया कि पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 19 फरवरी के दौरान पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में भी छिटपुट वर्षा हो सकती है। 19 और 20 फरवरी को पंजाब और हरियाणा, 20 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट लेने वाला है, खासतौर पर पश्चिमी हिमालयी राज्यों में है। सोमवार और मंगलवार को एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 22 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है।

19 फरवरी तक उत्तर पश्चिम के मैदानी इलाकों और उससे सटे मध्य भारत और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को बताया कि पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 19 फरवरी के दौरान पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में भी छिटपुट वर्षा हो सकती है। 19 और 20 फरवरी को पंजाब और हरियाणा, 20 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में गरज के साथ हारिश हो सकती है। आईएमडी ने बताया कि 18 फरवरी को सक्रिय होने वाला पश्चिम विक्षोभ क्रमशः पूरब की तरफ बढ़ेगा और इसके प्रभाव से 19 से 22 फरवरी के दौरान गंगीय बंगाल में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, 19 से 21 फरवरी के दौरान ओडिशा और झारखंड के कुछ इलाकों में भी हल्की बारिश होने की संभावना है। ताबो में न्यूनतम तापमान -6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान ऊना में 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश के तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। ऊना, बिलासपुर, मंडी, चंबा, सोलन और सिरमौर में यह चार से सात डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में यह - 3 से -7 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहा। कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री अधिकतम रहा। वहीं, दूसरी ओर किसान और बागवान बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बारिश न होने से किसान और बागवान परेशान हैं। फसलों पर संकट के बादल गहरा गए हैं। शिमला स्थित आईएमडी के स्थानीय केंद्र ने हिमाचल में 19 व 20 फरवरी को गरज के साथ वर्षा और बिजली गिरने की संभावना जताई है और यलो अलर्ट जारी किया है। 18, 21 और 22 फरवरी को जनजातीय लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों व चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना है।

# राजस्थान के इन गांवों में अब नहीं बजेगा DJ, उल्लंघन करने पर होगी कानूनी कार्रवाई



**उदयपुर , 17 फरवरी [एजेंसी]।**

बांसवाड़ा जिले के 14 गांवों में अब शादी समारोहों में डीजे की धुन नहीं सुनाई देगी। यह कदम बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव और सामाजिक विवादों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। वाल्मीकि एकता भील समाज की पहल को सराहा गया है, जिसने इन गांवों में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इन गांवों के पंचों ने लोहारिया और मोटागांव थानों में डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि डीजे बजाने से कई बार सामाजिक विवाद उत्पन्न होते हैं और बच्चों की पढ़ाई में भी रुकावट आती है।

इस कारण समाज ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि अब किसी भी व्यक्ति द्वारा शादी में डीजे बजाने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।समाज ने पुलिस को यह निर्देश भी दिया है कि यदि किसी व्यक्ति ने डीजे बजाया, तो उसे तब तक छोड़ा न जाए जब तक समाज की सहमति न मिले। ज्ञापन देने वालों में वाल्मीकि एकता भील समाज के अध्यक्ष रामलाल कलासुआ, सचिव रणछोड़ लाल बुज और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।जिन गांवों में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसमें भीमपुर, नागनसेल, सिंगपुरा, चिरावाला गड़ा, भुवासा, वंदैया, सज्जन सिंह का गड़ा, आखे पानजी का गड़ा, आसन, खाखरीया गड़ा, लीलाऊआ गड़ा, तोरना, दलजी का गड़ा, डालिया शामिल है।

## दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण, हल्की बारिश के भी आसार

**नई दिल्ली।** रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस वजह से मौसम में गर्माहट रही। वहीं तीन दिन की राहत के बाद रविवार को हवा की गति कम व सुबह में हल्का स्मॉग होने के कारण दिल्ली सहित एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। इस वजह से दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में उच्च स्तर पर पहुंच गई।सोमवार आकाश में आंशिक बादल छाए रहेंगे। सुबह स्मॉग के साथ-साथ हल्का कोहरा भी सकता है। इस वजह से प्रदूषण का स्तर और बढ़ेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सोमवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। इसके बाद दो दिन हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रह सकती है। सीपीसीबी के अनुसार रविवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 294 रहा जो खराब श्रेणी में है और बेहद खराब श्रेणी से छह अंक कम है।

# भारत में बड़े हमले की साजिश, ISIL के मंसूबे पर फिरा पानी, पश्चिम एशिया में खलीफा के शासन की मंशा

**संयुक्त राष्ट्र, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) एक आतंकी समूह है, जिसका लक्ष्य पश्चिम एशिया में खलीफा का शासन (खिलाफत) स्थापित करना है। रिपोर्ट के अनुसार, दाएश समर्थक अल-जौहर मीडिया अपने प्रकाशन सेरात उल-हक के माध्यम से भारत विरोधी प्रचार कर रहा है। आतंकी समूह आईएसआईएल भारत में बड़े हमले को अंजाम देने में असमर्थ रहा, लेकिन उसके आकाओं ने समर्थकों के जरिये लोन एक्टर हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी साझा की।आईएसआईएल (दाएश), अल-कायदा, संबंधित व्यक्तियों तथा संस्थाओं के संबंध में विश्लेषणात्मक सहायता एवं प्रतिबंध निगरानी टीम की 35वीं रिपोर्ट के अनुसार, ये आतंकी समूह व सहयोगी संगठन बाहरी आतंकरोधी दबाव के कारण स्थिति को ध्यान में रखकर साजिशें रच रहे हैं। कम केंद्रीकृत संगठनात्मक संरचनाओं के कारण उनसे पैदा होने वाला खतरा बरकरार है। इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) एक आतंकी समूह है, जिसका लक्ष्य पश्चिम एशिया में खलीफा का शासन (खिलाफत) स्थापित करना है। रिपोर्ट के अनुसार, दाएश समर्थक अल-जौहर मीडिया अपने प्रकाशन सेरात उल-हक के माध्यम से भारत विरोधी प्रचार कर रहा है। लोन एक्टर हमले विचारधारा से प्रेरित हिंसक वारदातें हैं, जिन्हें ऐसे लोग अंजाम देते हैं जो किसी आतंकी संगठन का सीधा हिस्सा नहीं होते व किसी दूसरे का आदेश मानने के लिए बाध्य नहीं होते। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में दो दर्जन से अधिक आतंकी समूह सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने इन्हें अफगानिस्तान के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य देशों के लिए भी खतरे के रूप में आंका है। रिपोर्ट के अनुसार, सत्ता तथा वरिष्ठ व मध्यम स्तर के नेतृत्व को गंवाने के बावजूद अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों की उपस्थिति उसके साथ-साथ मध्य एशियाई देशों की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा और गंभीर चुनौती है। इसके अलावा, दाएश से अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को खतरे से संबंधित महासचिव की 20वीं रिपोर्ट के अनुसार, दाएश से पैदा होने वाले खतरी की गंभीरता चिंताजनक बनी हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दाएश नेतृत्व तथा उसकी वित्तीय गतिविधियों को लक्षित करने में सदस्य देशों व अंतरराष्ट्रीय साझेदारों की लगातार प्रगति के बावजूद आतंकी समूह खुद को परिस्थिति के अनुरूप ढाल रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपनी रिपोर्ट में कहा, अफगानिस्तान में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस्लामिक स्टेट-खुरासान न केवल देश, बल्कि क्षेत्र और उससे आगे के लिए भी खतरा बना हुआ है। मैं सभी सदस्य देशों से आह्वान करता हूं कि वे एकजुट होकर अफगानिस्तान को फिर से अन्य देशों को प्रभावित करने वाली आतंकी गतिविधियों का केंद्र बनने से रोकें। अफगानिस्तान सक्रिय अल-कायदा ने गैर-अफगान मूल के क्षेत्रीय आतंकी संगठनों तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत करने की कोशिश की, ताकि पड़ोसी देशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया जा सके।

# बिहार में इन दो दिनों हड़ताल पर रहेंगे ट्रक मालिक



**पटना, 17 फरवरी [एजेंसी]।**

राज्य भर के ट्रक ड्राइवर दो दिवसीय हड़ताल पर जाने वाले हैं। ट्रक ड्राइवर दो और तीन मार्च को बालू, गिट्टी, मिट्टी और पत्थर का उठाव नहीं करेंगे। अपनी मांगों को लेकर दो दिनों तक ट्रक ड्राइवर चक्का जाम करेंगे।उनका कहना है कि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जाएंगे। बिहार ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भानू शेखर प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस संबंध में जानकारी दे दी है।एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ट्रकों के जांच के नाम पर आर्थिक शोषण कर रही है। मुख्यमंत्री से मांग किया गया है कि क्षमतानुसार माइनिंग चालान के साथ परिचालित ट्रकों को आर्थिक दंड एवं मुकदमा से मुक्त किया जाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि बालू एवं पत्थर लदे ट्रकों को दक्षिण बिहार से उत्तर बिहार जाने के लिए समुचित आवागमन के लिए पुल की व्यवस्था की जाए।

पटना उच्च न्यायालय के आदेशनुसार पुलिस को बालू, पत्थर एवं मिट्टी जांचने का अधिकार वापस लिया जाए। उनका कहना है कि बिहार ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रति माह खनन और परिवहन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कराई जाए। उन्होंने बताया कि क्षमतानुसार माइनिंग चालान के साथ परिचालित ट्रकों को आर्थिक दंड, चालक को जेल एवं मालिकों पर मुकदमा हो रहा है।अध्यक्ष ने कहा कि यह मुकदमा और आर्थिक दंड खनन एवं पुलिस के सांठगांठ से अपने अवैध कमाई के लिए किया जा रहा है।वहीं दूसरी ओर बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ की बैठक में 10 वर्षों से प्रोन्नति नहीं होने को नए डॉक्टरों की नियुक्ति में सबसे बड़ी बाधा करार दिया गया।अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार सिंह ने कहा कि बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में प्रोन्नति का रास्ता सरकार ने 18 माह पहले खोल दिया था, लेकिन 5 प्रतिशत पद पर प्रोन्नति के बाद तकनीकी भूल बताते हुए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।उन्होंने बताया कि वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों के 2000 एवं उप निदेशक 1000 से अधिक पद प्रोन्नति नहीं होने से रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त अपर निदेशक, निदेशक, निदेशक प्रमुख व कंसलटेंट के 80 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इसके कारण बेसिक ग्रेड के चिकित्सक रिक्त नहीं होने से नई नियुक्ति नहीं हो पा रही है। प्रोन्नति नहीं होने से सरकारी डॉक्टरों में भारी आक्रोश है। उन्होंने निर्णय लिया है कि इसके विरोध में डॉक्टर होली नहीं मनाएंगे। इसके अलावा जबतक प्रोन्नति नहीं होगी तबतक डॉक्टर कोई भी पर्व नहीं मनाएंगे। संघ की अगली बैठक 23 मार्च को होगी।

## बदइंतजामी ने लीं 18 जानें, भगवान भरोसे थी स्टेशन की व्यवस्था

**नई दिल्ली।** रेलवे प्रशासन की बदइंतजामी से शनिवार रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 18 यात्रियों की मौत हो गई। स्टेशन पर भीड़ बढ़ती गई लेकिन उन्हें नियंत्रित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। पूरी व्यवस्था भगवान भरोसे थी।स्थिति को संभालने के लिए न रेल अधिकारी थे और न प्लेटफार्म पर पर्याप्त संख्या में आरपीएफ के जवान। भगदड़ से यात्रियों की मौत के बाद रेलवे प्रशासन की नींद टूटी और भीड़ प्रबंधन के लिए आरपीएफ, एनडीआरएफ व दिल्ली पुलिस के जवान तैनात किए गए। वहीं, मृतकों का पोस्टमार्टम कर रविवार सुबह ही शव उनके स्वजन को सौंप दिए गए।रेलवे ने मृतकों के स्वजन को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। यह राशि पीड़ित परिवारों को तत्काल दे भी दी गई है। रेलवे की दो सदस्यीय जांच समिति में शामिल उत्तर रेलवे के प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर नरसिंह देव और प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर पंकज गंगवार ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टिया अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम लगता है।इस हादसे में अधिकतर मरने वालों की मौत ट्रामेटिक एस्फिक्सिया से हुई। यह एक ऐसी स्थिति होती है जब छाती व पेट के ऊपरी हिस्से पर दबाव पड़ने से सांस व रक्त संचार रुक जाता है और दम घुट जाता है।

# अमेरिकी विदेश मंत्री से मिले बेंजामिन नेतन्याहू, ईरान और सीरिया को लेकर हुई बात



**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को यरुशलम में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ईरान, सीरिया समेत कई मुद्दों पर बेहद उपयोगी चर्चा की।रूबियो से मुलाकात के बाद नेतन्याहू ने कहा, इजरायल और अमेरिका ईरान के खतरे का मुकाबला करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हम इस बात पर सहमत हुए कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए।नेतन्याहू ने कहा कि क्षेत्र में ईरान की आक्रामकता को नियंत्रित किया जाना चाहिए। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल ने ईरान को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने गाजा में इजरायल की नीति का समर्थन करने के लिए रूबियो को धन्यवाद दिया। इस बीच रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमले में तीन फलस्तीनी पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। हमास ने इसे युद्धविराम का उल्लंघन बताया है।

इजरायली सेना ने कहा कि हमले में कई हथियारबंद लोगों को निशाना बनाया गया था, जो पास में तैनात इजरायली बलों की ओर बढ़ रहे थे। इजरायल ने गाजा निवासियों से सेना के निर्देशों का पालन करने और क्षेत्र में इजरायली सैनिकों के पास जाने से परहेज करने का आह्वान किया।वहीं रूबियो से मुलाकात के बाद नेतन्याहू ने हमास को चेतावनी भी दी। नेतन्याहू ने कहा कि अगर हमास सभी बंधकों को वापस नहीं करता है तो गाजा में नरक के द्वार खोल देंगे। रूबियो के साथ संयुक्त बयान में नेतन्याहू ने कहा कि हम गाजा में हमास की सैन्य क्षमता और उसके राजनीतिक शासन को खत्म कर देंगे। हम अपने सभी बंधकों को घर लाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि गाजा फिर कभी इजरायल के लिए खतरा न बने।

# मिथिला पालकर ने अपनी पहली तमिल फिल्म यात्रा को वास्तव में विशेष बताया



अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपनी बहुप्रतीक्षित पहली तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी कर ली है और अभिनेत्री खुशी और उत्साह से अभिभूत हैं।

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, मिथिला ने कहा, मैंने अपनी पहली तमिल फिल्म पूरी कर ली है और मैं हर किसी के इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती! ऐसा लगता है जैसे कल ही हमने मुहूर्त शॉट शूट किया था और अब, हमने शूटिंग पूरी कर ली है - यह एक अद्भुत एहसास है। यह यात्रा वास्तव में खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि मुझे उन अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने का मौका मिला।

उन्होंने आगे कहा तमिल में अपनी लाइनें सीखना निश्चित रूप से एक चुनौती थी, लेकिन मैंने इसका पूरा आनंद लिया। मेरे सह-कलाकार रुद्र, मेरे निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार और पूरी कास्ट और क्रू ने मुझे बहुत स्वागत और घर जैसा महसूस कराया, भले ही मैं तमिल भाषा नहीं बोल पाता। उनके निरंतर समर्थन और गर्मजोशी ने इस प्रक्रिया को बहुत आसान और और भी मज़ेदार बना दिया. मिथिला ने आगे कहा, सिर्फ फिल्मांकन के अनुभव से परे, मुझे संस्कृति में डूबने का मौका मिला, मैंने अपना ज़्यादातर समय यहाँ बिताया और इस दौरान बहुत कुछ सीखा। यह फिल्म सीखने और विकास की यात्रा रही है, और मैं अपने दर्शकों को इस नए अवतार में देखने के लिए बेताब हूँ!

ओहो एंथन बेबी' का निर्देशन कृष्णकुमार रामकुमार ने किया है और इसका निर्माण रोमियो पिक्चर्स, विष्णु विशाल और डी कंपनी ने किया है।

इस बीच, मिथिला पालकर हाल ही में फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' में नज़र आईं, जहाँ उन्होंने गीतकार दीया का किरदार निभाया। विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सपनों की असली दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है। इस फिल्म में अमोल पाराशर, मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी थे।

**'स्वीट ड्रीम्स' 24 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ हुई।**

फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिससे हममें से कई लोग खुद को जोड़ पाएंगे क्योंकि वह भ्रमित है, महत्वाकांक्षी है और कुछ और पाने की चाहत रखती है। केनी के साथ उसके जो सपने हैं, वे सिर्फ़ रोमांस के बारे में नहीं हैं; वे यह समझने के बारे में हैं कि वास्तव में क्या मायने रखता है। इस फिल्म की शूटिंग करना एक भावनात्मक यात्रा की तरह लगा।

## मलाइका अरोड़ा ने दिखाया मदमस्त अंदाज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस के छूटे पसीने

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस और फैशनिस्ट मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और क्साली फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।


अब हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर और गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

मलाइका अरोड़ा की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो ग्लैमरस और हॉट लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को ओपन कर के, लाइट मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक कई सारे यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल मल्ला।

# सेहत को हेल्दी बनाए रखने के लिए हंसना है जरूरी, खुलकर हंसने के ये हैं फायदे



हंसने से न सिर्फ दिमाग अच्छा होता है बल्कि इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी फायदा मिलता है. जोर-जोर से हंसना कई मायनों में सेहतमंद होता है. एक शोध में यह भी पाया गया है कि कॉमेडी शो देखने और खुलकर हंसने से तनाव कम होता है और यह इम्यूनिटी के लिए भी अच्छा होता है. आइए जानते हैं हंसने के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से...

खुलकर हंसने से मिलते हैं सेहत के ये 5 फायदे

हृदय के लिए फायदेमंद

खुलकर हंसने से हृदय को स्वास्थ्य लाभ होता है. हंसने से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़कर हृदय गति में सुधार होता है. ऐसे में हृदय रोग से संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलता हैं.

तनाव कम करने में मददगार

हंसने से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन रिलीज होता है जो तनाव को कम करता है. तनाव कम होने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। तनाव कम होने से मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है.

मांसपेशियों को आराम मिलता है

मानसिक तनाव के साथ-साथ शारीरिक तनाव को भी कम करने के लिए हंसना अच्छा होता है. ऐसे में खुलकर हंसना तनाव को कम करता है और मांसपेशियों को आराम देता है.

कैलोरी बर्न में मदद मिलती है

आप रोजाना 10 से 15 मिनट तक जोर से हंसकर कैलोरी बर्न कर सकते हैं. हंसना कैलोरी बर्न करने के लिए अच्छा है. अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो आप इस तरह अपना वजन कम कर सकते हैं.

इम्यूनिटी बूस्ट करता है

जोर-जोर से हंसने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है. ऐसे में हम इम्यून सिस्टम को मजबूत करके संक्रमण से बच सकते हैं. हंसने से कई अन्य स्वास्थ्य लाभ होते हैं.



## क्या होगा अगर आप एक महीने तक चाय न पीएं?

चाय आजकल हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गई है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आप एक महीने तक चाय पीना छोड़ दें तो आपके शरीर पर क्या असर होगा? आइए, जानते हैं कि चाय को छोड़ने से आपकी सेहत पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं।

**नींद में सुधार**-चाय में कैफीन की अधिक मात्रा होने के कारण यह हमारी नींद में खलल डालती है। विशेष रूप से रात को सोने से पहले चाय पीने से शरीर में कैफीन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद में रुकावट आती है और गहरी नींद मिलना मुश्किल हो जाता है। चाय को छोड़ने से शरीर में कैफीन की मात्रा घटती है, जिससे आपकी नींद में सुधार होता है। जब आप चाय नहीं पीते हैं, तो आपका शरीर ज्यादा रिलैक्स होता है और आप आसानी से सो सकते हैं। इससे नींद की गुणवत्ता में भी सुधार होता है और आपको ताजगी का अहसास होता है। चाय छोड़ने से रात की नींद और दिनभर की ऊर्जा में फर्क साफ महसूस किया जा सकता है।

**चिंता और तनाव में कमी**-चाय में मौजूद कैफीन हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और चिंता, तनाव, और घबराहट की स्थिति पैदा कर सकता है। यह चिंता को और बढ़ा देता है, जिससे मन में बेचैनी और दबाव महसूस होता है। जब आप चाय छोड़ते हैं, तो शरीर से कैफीन की अधिकता कम हो जाती है, और इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। आप खुद को ज्यादा शांत और संतुलित महसूस करते हैं। इसके अलावा, आप नकारात्मक विचारों से बचने में सक्षम होते हैं और एक सामान्य मानसिक स्थिति में रहते हैं।

# महाशिवरात्रि के दिन पहनें ये बंधेज वाली साड़ियां, ट्रेडिशनल लुक में दिखेंगे शानदार

अगर आप भी इस बार महाशिवरात्रि का व्रत रखने जा रहे हैं और इस दिन आप एकदम यूनित दिखना चाहते हैं, तो आप शिव मंदिर जाने के लिए बंधेड साड़ियां जरुर पहन सकते हैं। शिवरात्रि के दिन ट्रेडिशनल लुक में आप कमाल के दिखेंगे। महाशिवरात्रि का पर्व इस बार 26 फरवरी, 2025 को मनाया जा रहा है। इस दिन शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की व्रत रखते हैं और विधिवत रुप से पूजा की जाती है। मान्यता है कि भक्तजन शिवरात्रि पर मन से पूजा करते हैं उनको मनचाहा वरदान प्राप्त होता है। इस दिन मंदिर में शिव भक्त पूजा करने के लिए जाते हैं। शिवरात्रि पर्व पर स्त्रियों से लेकर पुरुष हर कोई भगवान शिव का जलाभिषेक करके व्रत भी रखता है। इसके साथ ही ,महिलाएं इस खास दिन खूब सज-संवरकर पारंपरिक और खूबसूरत लुक में तैयार होकर भोलेनाथ की पूजा करती हैं। आइए आपको बताते हैं अलग-अलग प्रिंट और कलर वाली बंधेज साड़ियां, जिन्हें आप पहन सकते हैं।

**रेड जॉर्जेट बंधेज साड़ी**

पूजा के दौरान लाल रंग वस्त्र पहना काफी शुभ होता है। अगर आप शिवरात्रि का व्रत रख रहे हैं, तो इस दिन आप रेड कलर की बंधेज प्रिंट साड़ी वियर कर सकते हैं। यह साड़ियां परफेक्ट ट्रेडिसनल लुक देती हैं। इसके साथ ही आप बन हेयर स्टाइल के साथ ही मिनिमल मेकअप में आपका लुक ट्राई कर सकते हैं।

**ग्रीन सिल्क बंधेज साड़ी**

इस दिन आप ग्रीन सिल्क बंधेज साड़ी भी पहन सकते हैं। इस ग्रीन रंग की सिल्क



साड़ी का जरी बॉर्डर लुक को और भी ज्यादा एलिगेंट बना देता है। साड़ी के साथ आप ग्रीन और कुंदन बीड्स वाला डबल लेयर नेकलेस और मैचिंग झुमकी पहन सकते हैं। इसके साथ ही आप बालों को स्ट्रेट करके और ओपन रख सकते हैं। मेकअप न्यूड टच दें।

**येलो शिफॉन बंधेज साड़ी**

शिवरात्रि की पूजा के दौरान पीले रंग का वस्त्र पहनना काफी अच्छा माना जाता है। आप भी येलो कलर की सिंपल सोबर बंधेज प्रिंट साड़ी को भी स्टाइल कर सकती हैं। कर्ल हेयर स्टाइल को आप कर सकते हैं और लाइट मेकअप के साथ ही आप रेड कलर की चूड़ी पेंडेंट नेकलेस और गोल्डन जुमका पहन सकते हैं।

## विक्की कौशल की छावा ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 50 करोड़ रुपये कमाए

विक्की कौशल की इतिहास पर आधारित 'एक्शन' फिल्म 'छावा' ने पहले दिन दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी।

'मैडॉक फिल्म्स' ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि 'छावा' ने 50 करोड़ रुपए की कमाई की। स्टूडियो ने लिखा, ''यह छावा की दहाड़ है। एक सच्चे योद्धा राजा की तरह दहाड़! इतिहास पर आधारित किसी हिंदी फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत। अभी अपनी टिकट बुक करें। उसने एक 'पोस्टर' साझा करते हुए बताया कि फिल्म ने पहले दिन वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 33.1 करोड़ रुपये की कमाई की है। कौशल की 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' फिल्म भी जीवनी पर आधारित थीं।

फिल्म में कौशल ने मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र थे। मंदाना ने संभाजी महाराज की पत्नी महारानी येसुबाई की भूमिका निभाई है।



## दवाई से नहीं नेचुरल तरीके से पूरी करें खून की कमी, हफ्ते में ये एक फल जरूर खाएं

आपका शरीर थक्का रहता है और कमजोरी के साथ चिड़चिड़ापन भी महसूस होता है तो इसका कारण, शरीर में खून की कमी हो सकती है। पुरुषों के मुकाबले एनीमिया की ज्यादा शिकार महिलाएं होती हैं क्योंकि पीरियड्स और प्रेग्नेंसी-स्तनपान के दौरान महिला के शरीर में इसकी कमी होने लगती है। वहीं जिन लोगों की डाइट में आयरन-कैल्शियम फोलिक एसिड, विटामिन बी12 जैसे तत्वों की कमी होती है, उनके शरीर में भी खून की कमी आ जाती है लेकिन ये खून की कमी कई बीमारियों की वजह बन सकती है। इसके लिए डॉक्टर आपको आयरन फोलिक एसिड जैसी कई दवाइयां और सप्लीमेंट्स खाने की सलाह दे सकते हैं लेकिन नैचुरल हैल्दी डाइट और खून बनाने वाले आहार खाकर इस कमी को आप हफ्ते से 10 दिन के भीतर पूरा कर सकते हैं। आयरन से भरपूर चीजें खून बनाने में मदद करती हैं। जैसे पालक में आयरन होता है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी दूर होती है। अगर आप एनीमिया के शिकार हैं तो आपको खाने में टमाटर जरूर खाना चाहिए। तिल, कद्दू, तरबूज, सूरजमुखी, काजू और अलसी के बीज शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। खाने के बाद गुड़ खाएं। तांबे के बर्तन में पानी पीएं। अंडा, दूध, चीज़, मीट, मछली, सोयाबीन, चावल , हरी पत्तेदार सब्जियां शरीर में खून की कमी दूर करते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -327

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# कोलेस्ट्रॉल समेत इन बीमारियों में कारगर है तांबे के बर्तन में पानी पीना, शरीर को मिलते हैं ये फायदे

मौजूदा समय में ज्यादातर लोग कांच या स्टील के गिलास में पानी पीते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि तांबे के बर्तन में पानी पीना कितना स्वास्थ्यवर्धक है? खासकर सर्दी के मौसम में अगर आप सुबह तांबे के गिलास या बर्तन में पानी पीते हैं तो इससे आप पूरे दिन ऊर्जा से भरपूर, हल्का और तरोताजा महसूस कर सकते हैं. आइए जानते हैं तांबे के बर्तन में पानी पीने के क्या फायदे हैं...

नियमित तांबे के बर्तन में पानी पीने के फायदे-

* आयुर्वेदिक डॉक्टर का कहना है कि अगर आप तांबे के गिलास में पानी पीते हैं तो आप अपना वजन बढ़ने से रोक सकते हैं.

* रोजाना एक गिलास तांबे के बर्तन में पानी पीने से पाचन शक्ति मजबूत होती है. साथ ही पेट की समस्या से बचाव होता है.

* अगर आप हर रोज सुबह के समय खाली पेट तांबे के बर्तन में पानी पिएं तो यह बढ़ती उम्र के संकेतों को कम करता है.

* अगर आप हार्ट को हेल्दी रखना चाहते हैं तो आप रोजाना तांबे के बर्तन में पानी पिएं. इससे हाइपरटेंशन और कोलेस्ट्रॉल में भी कमी आ सकती है.

* अगर आपके जोड़ों में सूजन, दर्द रहता है या फिर अर्थराइटिस की समस्या है तो रोजाना खाली पेट तांबे के बर्तन में पानी पीना फायदेमंद हो सकता है.

तांबे बर्तन में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो पानी में मिलकर शरीर में हुए घावों को तेजी से भरने में मदद करते हैं.

रोजाना तांबे के बर्तन में पानी पीने से त्वचा के स्वास्थ्य और मेलेनिन उत्पादन को बढ़ावा देता है.

तांबे के बर्तन में रोगाणु रोधी गुण होने के कारण ये संक्रमण से लड़ता है.



# सोनहत जनपद के 90 मतदान केंद्रों के 37 हजार से अधिक भी मतदाता चुनेंगे जनप्रतिनिधि





## कोरिया में प्रथम चरण का मतदान आज

## पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

## पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों का होना है चुनाव

## 4 डीएसपी सहित पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में होगा चुनाव

## निर्वाचन कार्यों में करीब 170 वाहनों की व्यवस्था

## कलेक्टर ने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा ऑल दी बेस्ट



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन संपन्न होने के बाद अब प्रथम चरण में सोमवार 17 फरवरी को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तमाम अधिकारी-कर्मचारी जुट चुके हैं।

सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत 90 मतदान केंद्रों में होने वाले पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सोनहत के स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुंचकर मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना की और सभी मतदान कर्मियों, अधिकारियों, पुलिस जवानों, कोटवारों को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए ऑल दी बेस्ट कही। इस अवसर पर एसडीएम राकेश साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, जनपद पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी उमेश कुशवाहा, जनपद पंचायत के सीईओ मनोज सिंह जगत उपस्थित रहे।

**42 सरपंच सहित 477 वार्ड पंचों का होगा मतदान**

जनपद पंचायत सोनहत के 42 ग्राम पंचायतों में 477 वार्ड हैं, जिसमें से 216 वार्डो के लिए निर्विरोध पंच चुने गए हैं, जबकि 261 वार्डो के लिए 650 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी तरह 42 ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतों में 1-1 उम्मीदवार हैं और 40 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच प्रत्याशियों की संख्या 198 है। 10 जनपद सीट के 60 और 2 जिला पंचायत सदस्यों के लिए 8 उम्मीदवारों का होगा भाग्य का फैसला, जनपद पंचायत सदस्यों की बात करें तो 10 सीटों के लिए 60 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, वहीं जिला पंचायत सदस्यों की बात करें तो सोनहत प्रथम यानी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 में 5 और सोनहत द्वितीय यानी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 में 3 उम्मीदवार में चुनाव मैदान में हैं।

**37 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान**

प्रथम चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सोनहत विकासखण्ड के अंतर्गत 37 हजार 468 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**महिला मतदाताओं की संख्या अधिक**

पुरुष मतदाओं की संख्या 18 हजार 552, महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 915 है जबकि तृतीय लिंग मतदाता की संख्या महज एक हैं।

**ग्राम बसेर में सबसे कम तो सोनहत में सबसे अधिक मतदाता**

सबसे कम मतदाताओं की बात करें तो ग्राम पंचायत बसेर में पुरूष मतदाताओं की संख्या 152 है, महिला मतदाताओं की संख्या 156 है, जबकि सबसे अधिक सोनहत ग्राम पंचायत में महिला मतदाताओं की संख्या 1050 है जबकि पुरूष मतदाताओं की संख्या 989 है।

**400 कर्मियों को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

पारदर्शी व निष्पक्ष मतदान के लिए करीब 400 अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदान कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। इन सभी 90 मतदान केंद्रों में मतदान सामग्री सहित मतदान दलों को सकुशल रवाना व वापसी हेतु छोटी-बड़ी करीब 180 वाहनों की व्यवस्था की गई है।

**डीएसपी सहित 180 पुलिस जवान होंगे तैनात**

इसी तरह शांतिपूर्ण मतदान हेतु 4 डीएसपी सहित 180 पुलिस जवान मतदान केंद्रों में तैनात रहेंगे। कोटवारों के अलावा 6, चार पहिया व 5 दुपहिया वाहन पेट्रोलिंग के लिए आवाजाही करेंगे इसके अलावा एक क्यूआरटी, दो रिजर्व टीम भी रहेंगे।

## मेडिकल दुकान के गल्ले से 9 हजार पार

**रायपुर।** लाखेनगर स्थित मोना मेडिकल स्टोर के गल्ले से अज्ञात चोर ने नकदी 9 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविकांज बजाज 45 वर्ष गोविंद नगर पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी लाखेनगर में मोना मेडिकल नाम से दवाई दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखे नकदी 9 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** बृजनगर नई बस्ती के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुसैन खान 36 वर्ष बृजनगर नई बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीजे 5965 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## 6 बदमाश बाइक चोरी कर ले भागे

**रायपुर।** दो बाइको में सवार अज्ञात 6 लड़कों ने एक युवक की बाइक चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविशंकर पटेल 27 वर्ष चंगोराभाठा करण नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह कमल विहार सेक्टर 2 के पास अपनी होण्डा साइन बाइक क्रमांक सीजी 04 एलवी 6971 को सड़क किनारे खड़ी कर बाथरूम करने गया, तभी दो बाइकों में सवार अज्ञात 6 लड़कों ने प्रार्थी की बाइक को चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 करोड़ की ठगी, एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी, कपिल देशलहरे, को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने 65 से अधिक बेरोजगारों को अपना शिकार बनाया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये लिए थे, लेकिन नौकरी नहीं दी। गिरफ्तार आरोपियों में देवेन्द्र जोशी, झगीता जोशी, स्वप्निल दुबे, नफीज आलम, हलधर बेहरा, सोमेश दुबे और अब कपिल देशलहरे शामिल हैं। इन सभी पर विभिन्न धाराओं के तहत सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने 29 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि फरवरी 2021 में उसे और अन्य पीड़ितों को नौकरी का झांसा देकर 25-25 लाख रुपये लिए गए थे, लेकिन नौकरी नहीं दी गई। पूछताछ के दौरान आरोपी कपिल देशलहरे ने स्वीकार किया कि उसने लगभग 30 लाख रुपये लेकर बेरोजगारों को खाद्य निरीक्षक और अन्य विभागों में नौकरी लगाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है और इसके साथ ही आरोपियों के बैंक खातों में लगभग 15 लाख रुपये होल्ड कराए गए हैं।अब तक, पुलिस ने लगभग 25 पीड़ितों की पहचान कर ली है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा दो पालियों में आयोजित

**धमतरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024- 25 आज धमतरी जिले में दो पालियों में सुबह 10 से 11.30 बजे तक और दोपहर एक से 02.30 बजे तक आयोजित की गई। चयन परीक्षा के लिये विकासखण्ड धमतरी और कुरूद में 2-2 तथा मगरलोड एवं नगरी में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा में पंजीकृत 2030 में से प्रथम पाली में 1960 और द्वितीय पाली 1958 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण आयोजित हुआ ।

## नगर पालिका परिषद कवर्धा में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

**कवर्धा।** मज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग हिंदूराष्ट्र अभियान के अंतर्गत मड़मड़ा पहुंचे। जहां उनका आदित्यवाहिनी के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। ऋग्वेदीय पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंत विभूषित मज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग के दर्शन हेतु समस्त ग्रामवासी उमड़ पड़े थे। जिनके द्वारा प्रात:कालीन सत्र में पादुकापूजन किया गया तदोपरांत दीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त करवाई लगातार जारी

**बलौदाबाजार।** को दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 36 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 10,800 समन शुल्क किया गया वसूल नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?4200 समन शुल्क किया गया वसूल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 60 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 18,800 समन शुल्क किया गया वसूल। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वासके तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 15 फरवरी को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 36 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 10,800 समन शुल्क वसूला गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?4200 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 15 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 60 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 18,800 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# भाजपा सरकार पर विश्वास कर पटना क्षेत्र के लोगों ने तय किया उन्नति का मार्ग: देवेंद्र तिवारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** निकाय चुनाव 2025 अंतर्गत कोरिया जिले के पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह की जोरदार जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की सुशासन की भाजपा सरकार पर विश्वास करके पटना वासियों ने क्षेत्र के विकास और उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर लिया है । पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के पक्ष में पटना के मतदाताओं द्वारा दिए गए जनसमर्थन को पटना वासियों का अच्छा निर्णय बताते हुए कहा की पटना वासियों ने मोदी की गारंटी और विष्णुदेव सरकार के सुशासन पर मुहर लगाकर पटना क्षेत्र के चहुमुखी विकास को भाजपा की तीसरे इंजन की सरकार के साथ मजबूती से जोड़ दिया है। जिससे आगामी पूरे कार्यकाल विकास की मुख्यधारा में रहकर पटना नगर पंचायत क्षेत्र ,स्वच्छ सुंदर और सर्वसुविधायुक्त शहर बनेगा व अनेक उपलब्धियों के लिए भागीदारी दर्ज करेगा । जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने पटना नगर पंचायत में भाजपा की नगर सरकार बनाने के लिए पटनावासियों का आभार व्यक्त किया है साथ ही समस्त जनमानस को बधाई दिया । श्री तिवारी ने कहा की भाजपा के सुशासन की सरकार का परचम पूरे प्रदेश में जिस तरह नगरीय निकाय चुनाव में लहराया है । कार्यकर्ताओं की उसी मेहनत और ऊर्जा से जिला और जनपद पंचायत सहित पंचायत में भी हम विजयी होने जा रहे हैं । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की अपार मेहनत और एकजुटता की सराहना करते हुए कहा की कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पटना नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों की बड़ी जीत हुई है, पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्पण और निष्ठा ही हमारी ताकत है, जो चुनौतियों के साथ विषम परिस्थिति में भी खुद को साबित करते हुए भाजपा के हर अभियान को सफल बनाते हैं। हम एकजुट होकर जिस तरह पटना नगर पंचायत में विजयी हुए हैं। उसी जीत को पंचायत चुनाव में भी दोहराएंगे । श्री तिवारी ने बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल, पटना नगर पंचायत चुनाव प्रभारी पंकज गुप्ता व जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को पटना में मिले ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दिया । और पटना नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए पटना के विकास के लिए निष्ठा पूर्वक समर्पित रहने की बात कही।





# डौंडी नगर पंचायत में भाजपा की मोहन्तिन चौरका बनी अध्यक्ष

**दल्लीराजहरा।** नगर पंचायत डौंडी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मोहन्तिन चौरका ने भाजपा का परचम लहरा दिया. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। मोहन्तिन चौरका ने कहा कि पंचायत के सभी वार्ड मैं सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करती हूँ. कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देती हूं। जनता ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया, उसे पर मैं खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी। इस ऐतिहासिक जीत में अपने हर उस कार्यकर्ता को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिसने मेरे लिए गली गली, मोहल्ला मोहल्ला जाकर काम किया है। डौंडी नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एकजुटता दिखाई.। अब सभी की मेहनत रंग लाई और इस बार नगर का मिथक तोड़ते हुए भाजपा ने अपना परचम लहराया है. जैसे-जैसे जीत का आंकड़ा सामने आया, भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। भाजपा ने भव्य रैली भी निकाली। पहले ही चरण से500 मतों से मोहन्तिन चौरका ने लीड ली। फिर एक से लेकर 15 वार्ड तक सभी वार्डों मिला कर अध्यक्ष प्रत्याशी अव्वल रहीं। गौरतलब है की डौंडी नगर सरकार के लिए 11 फरवरी को डौंडी नगर पंचायत में हुए चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा के मोहनतीन चौरका विजय हुई है। उन्हें 1831 वोट, निर्दलीय कमलेश्वरी कोरटीया 1384 और कांग्रेस के खेमिनबाई लाटीयां को 1161 वोट मिले । इस चुनाव मे कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही राजनीतिक दृष्टिकोण से कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले डौंडी नगर पंचायत के चुनाव में इस बार कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। उसका मात्र एक पार्षद ही चुनाव जीतने में सफल हुआ हैं। वहीं भाजपा के 8 और निर्दलीय 6 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं। इस चुनाव में आठ लोगों की जमानत भी जप्त हो गई है जिसमें भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय शामिल हैं। निकाय चुनाव में कई दिग्गजो कि हार हुई वही तीन पुराने पार्षद पुन: जीतकर आए हैं रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में शनिवार को सुबह 9 बजे नगर पंचायत डौंडी के सांस्कृतिक भवन में ईवीएम के माध्यम से वोटों की गिनती प्रारंभ हुई और 10 बजे रुझान आने लगा था दोपहर 12 बजे तक स्थिति साफ हो गई और अध्यक्ष पद के साथ 8 पार्षद भाजपा के चुनाव जीतने में सफल हुए हैं रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार नगर पंचायत डौंडी के चुनाव में वार्ड 1 में भाजपा के अमरिका ठाकुर को 163 वोट मिले कांग्रेस की रामेश्वरी कोठारी को 121, वार्ड 2 से भाजपा के भुनेश्वरी कुंभकार को 246 कांग्रेस के देवलीबाई धनकर को 132 वार्ड 3 में निर्दलीय ममता जैन को 144 भाजपा के बरखा जैन को 117 और कांग्रेस के रंजीता पोटाई को 78 वोट, वार्ड 4 में भाजपा के यदुनंदन देवहारी को 175 कृष्णा कोमा को 81 कांग्रेस के गौतम देवहारी कांग्रेस को 44 , ,वार्ड 6 भाजपा के प्रशांत नेताम को 160 कांग्रेस के छगन लेनेपांडे को 129,वार्ड 7 भाजपा के संजीव कुमार मानकर को 111 कांग्रेस के कमलेश कामडे को 55 निर्दलीय संतोष डेविड को 44, मेहुल लटिया को 15, वार्ड 10 निर्दलीय किरण बंजारे 276 कांग्रेस के पूजा बघेल को 77 भाजपा के सावित्री गोयल को ,54 वार्ड वार्ड 11 के में निर्दलीय सुशील कुमार अमला को 145 भाजपा के मदन ठाकुर को 136, वार्ड 12 कांग्रेस के भूपेंद्र कुमार कांग्रेस के देव कुमार लाटिया की जमानत जप्त हो गई है।

# संभाग स्तरीय युवा संसद में कोरिया जिले के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**कोरिया/बैकुंठपुर।** श्रीमती चन्दन त्रिपाठी कलेक्टर कोरिया के संरक्षण व मार्गदर्शन में 14 फरवरी को अम्बिकापुर में आयोजित संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोरिया जिला पूर्व की भांति लगातार अपना बेहतर प्रदर्शन दोहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जिले की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संबंधित टीम प्रभारी व प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्रों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराना और उनमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया को विकसित करना है।उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा भरी पड़ी है जरूरत है उन्हें इसी तरह के अवसर मिलने की जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता के साथ साथ तार्किक क्षमता में निखार आ सके। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कोरिया जिले युवा संसद की पूरी टीम को इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए युवा संसद प्रणाली युवाओं के लिए एक शसक्त माध्यम है जिससे युवाओं में गहरी समझ, वाकपटुता के साथ साथ सकारात्मक सोच विकसित होकर आगे बढ़ने सुअवसर प्राप्त होते हैं। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के अम्बिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ व जशपुर जिलों की टीम ने भाग लिया। कोरिया जिले की पक्ष व विपक्ष युवा संसदीय टीम ने समसामयिक विषयों पर तीखी नोकझोंक के साथ प्रतियोगिता में प्रस्तुतीकरण के दूसरे क्रम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तरीय युवा युवा संसद की विजेता शील्ड परअपना कब्जा जमाया। कोरिया जिले को विजेता कप के अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री में कु माहीन जावेद अंसारी, सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता कु वैष्णवी, सर्वश्रेष्ठ वक्ता सांसद कु श्रष्टिदास एवम कु रूकशार परवीन को सर्वश्रेष्ठ पक्षीय सांसद का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के निर्देशन में नोडल अधिकारी प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता द्वारा नियुक्त युवा संसद प्रभारी श्रीमती जिज्ञासा दुबे,सहायक प्रभारी स्वीटी मिश्रा व अनुराधा सोनपाकर साथ प्रेरक के रूप में आर एल गौतम के द्वारा उक्त प्रतियोगिता हेतु अथक प्रयास करते हुए लगातार 15 दिनों तक अभ्यास कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा बीच बीच मे स्वयं व उनके द्वारा गठित निरीक्षण दल के सहायक संचालक प्रकाश तिवारी ,जिला खेल अधिकारी मुन्नाराम भगत द्वारा निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुझाव दिये गये जिसका परिणाम आज हम सबके सामने है।जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए नोडल अधिकारी प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता एवम उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए इससे भी दुगने उत्साह के साथ प्रभावशाली स्क्रिप्ट तैयार कर अभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दिया।नोडल अधिकारी अमृतलाल गुप्ता ने बताया कि इस गौरवमयी उपलब्धि हासिल करने में हमे जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ जिससे हमारी युवा संसद की टीम ने बेहतरीन ढंग से संभाग स्तर तक का सफर तय किया साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से हमारी यही टीम बेहतर स्क्रिप्ट के साथ होनेवाली आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सकारात्मक सोच के साथ उतरकर गौरवशाली परिणाम के लिए हरसंभव प्रयासरत रहेगी।

## भाजपा की आभार रैली आज

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव में मिली जीत से उत्साहित भाजपा कोरबा नगर में आज आभार रैली कर रही है। दोपहर दो बजे सीतामणी चौक से इसका शुभारंभ होगा। महापौर संजू देवी राजपूत सहित भाजपा पार्षद और उनके समर्थक कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। सीतामणी चौक से ट्रांसपोर्ट नगर चौक तक रैली की रूपरेखा बनाई गई है। बताया गया कि चुनाव में जनता ने पार्टी को अच्छा प्रतिषाद दिया है इसलिए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कई गांवों में बैठक ली

**कोरबा।** पाली विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य चुनाव वाले क्षेत्र में भाजपा की जिलाउपाध्यक्ष संजय भावनानी के द्वारा चैतमा, रचकम्मा सहित कई गांवो में बैठक ली गई। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दूबे आज चार क्षेत्रों में ग्रामीणों की बैठक लेंगे। भिलाई बाजार नगर मंडल अंतर्गत आने वाले इन गांवो में इनके चुलेश्वर राठौर, दिनेश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता रहेगें।

## प्रदेश सचिव शुक्ला रायपुर गए

**कोरबा।** इंटक के प्रदेश सचिव वीएम शुक्ला कार्य समिति बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर रवाना हुए है। रायपुर में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजीवा रेड्डी का आगमन हो रहा है।

# एक साथ 6 लोगों का अंतिम संस्कार
# चिता के साथ राख हो गए सपने

### महाकुंभ स्नान से पहले हादसे में हुई मौत, सन्नाटा पसरा बस्ती में

– तरूण मिश्रा–

**कोरबा।** ऐसी कोई आंख नहीं थी जिसमें आंसू न दिखे हों। महिलाओं की सिसकियां, रूदन और लोगों को सांत्वना देने वाले लोग भी इसी माहौल का हिस्सा बनते देखे गए। कलमीडुग्गू दर्री बस्ती में रहने वाले 6 लोगों के पार्थिव शव को लेकर जब एंबुलेंस यहां पहुंची तो माहौल गमजदा हो गया। पास के मुक्तिधाम में सभी मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। ऐसा लगा कि जलती चिताओं के साथ मृतकों के कई सपने भी राख हो गए।

दो दिन पहले मध्य रात्रि को मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर मैजा थाना क्षेत्र में हुए हादसे में कलमीडुग्गु बस्ती निवासी ईश्वरी प्रसाद जायसवाल, संतोष सोनी, भागीरथी जायसवाल, सोमनाथ, अजय बंजारे, सौरभ कुमार सोनी, गंगा दास वर्मा, शिव राजपूत, दीपक वर्मा, राजू साहू की मौत हो गई। मृतकों में से चार लोरमी और जांजगीर-चांपा जिले के थे जिनके शव वहां भेज दिए गए। कलमीडुग्गू बस्ती में आज सुबह जब एंबुलेंस से छह शव पहुंचे, तो पूरे गांव में मातम छा गया। रोते-बिलखते परिजन, चीखते बच्चे, गश खाकर गिरती महिलाएं हर तरफ बस करुण क्रंदन गूंज रहा था। यह वही छह लोग थे, जो खुशी-खुशी महाकुंभ के दर्शन को निकले थे, मगर लौटे तो सफेद कफन में लिपटे हुए। दो दिन पहले मिर्जापुर



में हुए सड़क हादसे ने कलमीडुग्गू बस्ती के छह परिवारों की दुनिया उजाड़ दी। बोलेरो में सवार होकर महाकुंभ जाने निकले ये लोग कभी नहीं सोच सकते थे कि रास्ते में ही उनकी जिंदगी का सफर खत्म हो जाएगा। आधी रात को जब उनकी बोलेरो एक तेज़ रफ्तार बस से टकराई, तो मौत ने बिना चेतावनी दिए उन्हें अपनी गोद में समेट लिया। कलमीडुग्गू बस्ती के लोग यहां एक लाइन में निवासरत थे और कुछ आपस में रिश्तेदार थे।

### ...बिलख पड़े परिजन

आज सुबह जब एंबुलेंस के दरवाजे खुले और सफेद कपड़ों में लिपटे शव बाहर निकाले गए, तो परिजनों का धैर्य टूट गया। शोक में परिजन बिलख पड़े। ढांढस बढ़ाने के लिए जो पहुंचा उसका हाल भी कमोबेश ऐसा ही था। शोक में डूबी बस्ती में कोई चूल्हा नहीं जला। पड़ोसी, रिश्तेदार, दूर-दूर से लोग बस एक-दूसरे को ढांढस बंधाने आ रहे थे।

### मुक्तिधाम में पहली बार ऐसा नजारा

दर्री पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कलमीडुग्गू के इतिहास में यह अब तक का पहला मामला रहा जिसमें मुक्तिधाम में एक साथ 6 लोगों को अंतिम विदाई दी गई। आज सुबह बस्ती के मुक्तिधाम में छह चिताएं एक साथ जलीं। इस दौरान मृतकों के नजदीकी परिजन, रिश्तेदार ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों के मुंह से प्रतिक्रिया नहीं निकली लेकिन आंखों से निकलते आंसू इसे बयां कर रहे थे कि हादसे में हुई मौत का दुख कितना ज्यादा है। क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमेशचंद्र पांडेय ने तरूण छत्तीसगढ़ से बातचीत करते हुए कहा कि यह हृदय विदारक हादसा रहा जिसकी टीस लंबे समय तक हर किसी को बनी रहेगी। इस हादसे ने सिर्फ छह जिंदगियां ही नहीं छीनीं, बल्कि पूरे गांव का दिल भी तोड़ दिया।

### बेमतलब की रह गई जीत

जब कोरबा में हादसे की खबर पहुंची, तो पूरे बस्ती में मातम पसर गया। यहां तक कि नगरी निकाय चुनाव में स्थानीय भाजपा उम्मीदवार राधा महंत को मिली जीत की खुशीभी इस दुख के आगे फीकी पड़ गई। कोई किसी से कुछ कह नहीं रहा था, हर कोई बस एक-दूसरे का दर्द समझने की कोशिश कर रहा था।

## नहीं दिख रही ग्रामीण क्षेत्रों में लहर कामकाज और संबंध पर नजर


**कोरबा।** कोरबा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के नतीजों ने दिखा दिया कि सरकार के कामकाज पर जनता ने मुहर लगाई। चुनाव के दौरान सरकार के कामकाज की लहर का असर रहा लेकिन पंचायत चुनाव में कहीं भी किसी प्रकार की लहर नजर नहीं आ रही है। हालांकि प्रत्याशियों को राजनीतिक दलों का समर्थन मिला हुआ है और उन्होंने प्रचार इसी पर आधारित होकर किया।

आज प्रथम चरण के अंतर्गत कोरबा और करतला जनपद क्षेत्र में लोगों ने वोट डाले। तीन बजे तक यह प्रक्रिया पूरी होगी। विभिन्न क्षेत्रों में हमारे संवाददाताओं से मिली सूचनाओं में बताया गया कि सरकार की योजनाएं शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी चल रही है और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। इन सबके बावजूद अशिक्षा और जागरूकता की कमी जिन क्षेत्रों में हावी है वहां लोगों के मन में कुछ अलग चल रहा है। जबकि साक्षरता का स्तर जहां औसत के आसपास या ज्यादा है वहां इस तरह की स्थिति है कि अच्छे लोग चुनकर आने चाहिए। लोगों का यह भी मानना है कि प्रदेश में जिसकी सरकार होती है, उससे विकास के मामले में सहायता अधिक मिल सकती है। कहा यह भी जा रहा है कि साफ तौर पर किसी लहर का एहसास तो नहीं हो रहा है और लोगों को इस बात से ज्यादा मतलब है कि जो लोग मैदान में हैं उनके कामकाज की शैली क्या है और उनसे संबंध कैसे हैं। पंचायत स्तर के चुनाव में यह बात ज्यादा मायने रख रही है। कहा गया कि इस बार के नतीजे इसी धारणा को सच साबित करते नजर आएंगे।

### बड़ी पंचायतों में फोकस

कोरबा जिले की सबसे बड़ी पंचायत में शामिल तिलकेजा, रजगामार और बरपाली (जिल्गा) में इस बार भी पुराने लोग सरपंच के पद पर मैदान में हैं। उन्होंने अपने वातावरण को मजबूत करने के लिए सामान्य रूप से चुनाव प्रचार किया। हालांकि उन्होंने ट्रेंड को कुछ हद तक बदलने पर भी ध्यान दिया है। तिलकेजा पंचायत में युवा उम्मीदवार कुल सिंह कंवर और बरपाली में पूर्व सरपंच समेलाल कंवर की पत्नी की स्थिति मजबूत बनी हुई है। वहीं रजगामार में मिले-जुले समीकरण होने की खबर है।

## महिला से स्वर्णहार लूटकर फरार हुआ युवक, पुलिस से शिकायत



**कोरबा।** नवजात शिशु के जन्म के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में एक महिला को लगभग 2 लाख की चपत लगी। कथित रूप से मेहमान बनकर आए एक युवक ने यहां महिला का स्वर्णहार लूट लिया और फरार हो गया। मानिकपुर चौकी में घटना की शिकायत की गई है।

एसईसीएल कालोनी के ओल्ड दुर्गा पूजा पंडाल में बीती शाम यह घटना हुई। कालोनी में निवासरत एसईसीएल कर्मचारी साहू के यहां बच्चे का जन्म होने पर छट्ठी कार्यक्रम किया गया था। स्वजातीय लोगों के अलावा अन्य परिचित इस कार्यक्रम में आए हुए थे। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। शाम होने तक मेहमानों के जाने का सिलसिला जारी रहा। खबर के अनुसार इसी दरम्यान 6 फीट की लंबाई वाला एक युवक यहां पहुंचा। उपस्थित लोग यही समझते रहे कि वह परिवार का कोई रिश्तेदार होगा इसलिए किसी प्रकार का संदेह का सवाल खड़ा नहीं हुआ। कुछ देर के बाद आयोजक परिवार की महिला सदस्य को मालूम चला कि उसका 20 ग्राम वजन का सोने का हार गायब है। आनन-फानन में तलाश शुरू की गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उन्होंने युवक को मौके से हड़बड़ी में निकलते हुए देखा। संभवतः वह अपनी दोपहिया को स्टार्ट कर बाहर रखा हुआ था ताकि घटना को अंजाम देने के साथ फौरन निकलने में आसानी हो। उसने बताया कि संदिग्ध की तलाश के लिए आसपास में मौजूद एक सीसीटीवी कैमरे को देखा गया लेकिन वह निष्क्रिय था। मानिकपुर पुलिस को इस घटना को लेकर अवगत कराया गया है जिस पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## 20वां शतचंडी महायज्ञ कल से



**कोरबा।** ऊर्जा नगर गेवरा स्थित बड़े शिव मंदिर में संचालन समिति द्वारा श्री रुद्रचंडी महायज्ञ एवं महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य यज्ञाचार्य पं. शिवपूजन महाराज, वाराणसी के दक्षिणामूर्ति मठ होंगे।

मंदिर के संचालन समिति के द्वारा इस धार्मिक महायज्ञ आयोजन का शानदार 20 वा वर्ष है और इसमें विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ 18 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा जिसमें पुण्याहवाचन, कलश पूजन, वेदी स्थापन, अरणि मंथन द्वारा हवन प्रारंभ, रुद्राभिषेक, भंडारा सहित कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 27 फरवरी को आयोजन समिति के द्वारा महा भंडारा का आयोजन नगर वासियों के लिए किया गया है । जिसमें बड़ी संख्या में कोयलांचल क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तजन सम्मिलित होते हैं। संचालन समिति के प्रमुख भानु प्रताप सिंह,मानसिंह बमबम ने होने वाले धार्मिक आयोजन में भक्तों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने और धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

## रजगामार में मतदान के दौरान बहसबाजी

**कोरबा।** त्रिस्तीय पंचायत चुनाव के तहत पहले चरण के मतदान के दौरान कई स्थानों पर विवाद की स्थिती देखने को मिली। रजगामार पंचायत ओमपुर स्थित मतदान केंद्र में दो प्रत्याशी किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली,कि प्रत्याशी वोट डालने आ रहे लोगों को अपनी ओर रिझा रहे थे,इसी बात को लेकर मौके पर तनाव की स्थिती निर्मित हो गई। काफी देर तक मौके पर गहमा गहमी की स्थिती बनी रही। अंत में पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप किया तब जाकर मामला शांत हुआ।

# 487 मतदान केंद्रों में अपने प्रतिनिधि चुनने डाले गए वोट

### सुरक्षा के रहे पर्याप्त प्रबंध

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में आज जनपद पंचायत कोरबा और करतला में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो रही है। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ जो अपराह्न तीन बजे तक चलेगा। दोनों जनपद पंचायतों के अंतर्गत कुल 487 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस के द्वारा यहां आवश्यक प्रबंध किए गए।

कुल तीन चरण में कोरबा जिले में पंचायत चुनाव होना है जिसका पहला चरण सोमवार को पूरा हो रहा है। जनपद पंचायत कोरबा में 1 लाख 11 हजार 672 मतदाता और करतला में 1 लाख 16 हजार 335 मतदाता पंजीकृत हैं। 2 लाख 28 हजार कुल मतदाता संख्या मिलकर इन इलाकों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन करेगी। इससे पहले रविवार को पीठासीन अधिकारी समेत पोलिंग पार्टियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया। हर पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षा बल की व्यवस्था भी की गई। बताया गया कि सामान्य मतदान केंद्र में एक सुरक्षा कर्मी होंगे जबकि संवेदनशील और अति संवेदनशील वाले स्थान पर यह संख्या ज्यादा रखी गई है। बताया गया कि कोरबा जनपद के अंतर्गत 21 सेक्टर के 224 बूथ में रिजर्व सहित 1198 कर्मी नियोजित किए गए हैं। सभी मतदान दलों में अनिवार्य रूप से एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी रखा गया है। आज सुबह निर्धारित समय पर वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। इससे पहले प्रत्याशियों के एजेंट की उपस्थिति में पोलिंग पार्टी ने मॉकपोल कराया। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए अलग-अलग रंग वाले बैलेट पेपर इस चुनाव में शामिल किए गए हैं।



*बरपाली के बूथ में वोटिंग की बारी का इंतजार करते लोग। – चंद्रेश कश्यप*

### बड़ी संख्या में पंच निर्विरोध बने

कोरबा ब्लॉक की सीईओ कौशांबी गभेल ने बताया कि यहां 1 लाख 12 हजार 672 मतदाता हैं। ब्लॉक में पंच के 537 पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है जबकि 532 में चुनाव हो रहा है। जबकि सात में नामांकन नहीं हुए हैं। सरपंच के 74, जनपद सदस्य के 24 और जिला पंचायत क्षेत्र के दो सदस्यों के लिए भी निर्वाचन हो रहा है।

### सहमति से चुने 4 सरपंच

वहीं करतला जनपद पंचायत में 263 मतदान केंद्रों के लिए 1386 कर्मियों को लगाया गया। यहां 1 लाख 16 हजार 335 मतदाता हैं। सीईओ मोहनीश देवांगन ने बताया कि 4 स्थान पर सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं। 74 पंचायतों में मतदान हो रहा है। पंच के 1159 में से 658 निर्विरोध चुन लिए गए। 501 में मतदान की स्थिति बनी है। बीडीसी के 24 में से एक निर्विरोध चुने जाने पर 23 स्थान बचे हैं। जिला पंचायत सदस्य के दो पद पर लोग मतदान करेंगे।

## समस्याओं को निराकृत करने की होगी कोशिश



**कोरबा ।** नगर पालिका निगम कोरबा के पौड़ी बाहर वार्ड से चंद्रकाली जायसवाल पार्षद पद पर निर्वाचित हुई हैं। पहले प्रयास में उन्होंने सफलता प्राप्त की उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं को वार्ड में क्रियान्वित करने के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी उन्होंने बताया कि जल्द ही इलाके का भ्रमण करने के साथ लोगों से मुलाकात की जाएगी और पता किया जाएगा की मूल रूप से किस प्रकार की कठिनाई इलाके में बनी हुई हैं। उनका कहना है कि नगर निगम में परिवर्तन होने से कई प्रकार के फायदे वार्ड के लोगों को हो सकते हैं।

***कोरबा।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण में पोड़ी उपरोड़ा, पाली व कटघोरा विखं में वोट डाले जाएंगे।

## विश्व बंधुत्व की भावना बढ़ी महाकुंभ से : दशरथनंदन द्विवेदी

कोरबा। भागवताचार्य पं. दशरथनंदन द्विवेदी ने कहा है कि महाकुंभ से लोगों की आस्था का पता चला है साथ ही विश्व बंधुत्व की भावना में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है। सनातन संस्कृति की आस्था का सबसे बड़ा और सर्वोत्तम पर्व महाकुंभ न केवल भारत अपितु संपूर्ण विश्व में सुविख्यात है। यह एकमात्र ऐसा महापर्व है जिसमें सम्पूर्ण विश्व से श्रद्धालु भक्त



कुम्भस्थल पर आकर भारत की समन्वित संस्कृति, विश्व बंधुत्व की सद्भावना और जनसामान्य की अपार आस्था का अनुभव करते हैं। वैभव और वैराग्य के मध्य आस्था के इस महाकुम्भ में सनातन समाज नदी के पावन प्रवाह में अपने समस्त विभेदों, विवादों और मतांतरो को विसर्जित कर देता है। इस मेले में मोक्ष व मुक्ति की कामना के साथ ही तन,मन तथा बुद्धि के सभी दोषों की निवृत्ति के लिए करोड़ों श्रद्धालु अमृत धारा में डुबकी लगाते हैं। महाकुंभ में योग, ध्यान और मंत्रोच्चार से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। महाकुंभ में समस्त अखाड़े प्रतिभाग करते हैं उनमें से प्रत्येक की महिमा, इतिहास व परम्पराएं अदभुत हैं।

## पंजवानी ने निकाली विजय रैली

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी के पूर्व पंचायत हीरानंद पंजवानी के द्वारा 7 नंबर वार्ड से विजय होने पर रैली निकाली गई। इस रैली में भाजपा नेता प्रीतम देवांगन, देवेन्द्र देवांगन, गायत्री श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस बार नगर पंचायत में हरीनंद पंजवानी को उपाध्यक्ष पद का प्रबंल दावेदार माना जा रहा है।

## भाजपाई करेंगे जगह जगह स्वागत रैली का

**कोरबा।** नगरपालिका निगम की महापौर संजू देवी राजपूत की सीतामणी से निकलने वाली का जगह जगह भाजपाई स्वागत करेंगे। रेलवे फाटक के निकट सर्वमंगला नगर मंडल के अध्यक्ष मनीष मिश्रा पार्षद भानुमती जयसवाल , माधव जयसवाल, प्रेमसाहू, टिकेश्वर पटेल, भुनेश्वर पटेल, बॉबी गबेल के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। रैली का आगे बढ़ने का कोरबा नगर मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा पार्षद युगल केवर्त , रामाश्रय साहू के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। टीपी नगर में कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, दिनेश वैष्णव,लक्ष्मण श्रीवास, मिलाप राम, सिद्धात नारायण सोनू के नेतृत्व में स्वागत होगा। रैली को सफल बनाने में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्न पारखी, प्रीति स्वर्णकार रमा मिरी, सुमन सोनी, सरजू अजय, डा. जय लहरे, पार्षद धनकुमारी गर्ग, सुशील गर्ग के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com